53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 12.0°c अधिकतम 26.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:55, सूर्यास्त - 6:10 | वर्ष : 53/ अंक : 48 | मंगलवार, 18 फरवरी 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

अकड़ अगर पकड़ से ज्यादा हो तो गहरे से गहरा रिश्ता भी टूटना तय है।

अगर पहले से सनातन धर्म को सम्मान मिलता तो देश और भी ऊंचाइयों पर पहुंच चुका होता : योगी



जब-जब,जो-जो होना है.... तब-तब, सो-सो होता है......

# तोड़ने और बांटने का काम कर रही सरकार : राकेश टिकैत



**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)।** कूकड़ा मंडी में हुई महापंचायत के दौरान भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने सरकार को तोड़ने और बांटने वाली सरकार बताते हुए विभिन्न उदाहरण देकर कहा कि किस तरह से इस सरकार में भ्रष्टाचार फैला है और इस सरकार को अधिकारी चला रहे हैं। टिकैत ने पंचायत में आए सैकड़ों किसानों और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोगों ने जब से धरने देना बंद कर दिया है, तब से सरकार के लोगों ने अपना काम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि यदि धरने प्रदर्शन करने के बाद मुकदमों के डर से घर बैठ जाओगे तो आने वाले कुछ वर्षों में आपके हाथ-पल्ले कुछ नहीं रहेगा। सरकार आपकी सारी जमीन व्यापारियों को बांट देगी और आपसे जबरदस्ती कम दामों में खरीदती जाएगी। उन्होंने अंदेशा जताया कि अगले 15-20 साल यह सरकार कहीं नहीं जाने वाली और इस सरकार में अधिक से अधिक संघर्ष करना पड़ेगा। यदि अपनी जमीनों को बचाना है और गन्ने का मूल्य उचित लेना है तो आपको संघर्ष करना ही होगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार शातिर सरकार है, इन्होंने हमारे ही मजबूत संगठन के कई आदमी तोड़ लिये। ये सरकार बांटने और तोड़ने का काम बखूबी जानती है। मीडिया के लोग हमसे आकर कहते हैं कि हरियाणा में आपकी सरकार नहीं बनी अब दिल्ली भी हार गए। हम मीडिया से कहते हैं कि हम चुनाव लड़ने वाले लोग नहीं है, इसलिए इस बात से हमें दूर रखो, मगर उन्हें भी सरकार ने पढ़ा रखा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जब भी कोई हमला होता है चाहे वह किसी भी तरह का हो, वहां बचाने का काम हरियाणा करता है। और किसानों पर जब भी कोई आपदा आती है तो सबसे ज्यादा साथ हमें हरियाणा ही देता है। उन्होंने कहा कि अभी भी हरियाणा हमसे मजबूत है, क्योंकि वहां लगातार खाप पंचायतें मजबूती के साथ चलती हैं। हम लोगों ने भी उत्तर प्रदेश में किसानों का और जागरण करने, और उन्हें अधिक मजबूत बनाने के लिए फरवरी माह में 10 बड़ी पंचायत रखी हैं और हर जगह हमारा यही कहना होगा कि हम अपने प्रस्ताव पेश करेंगे। इस सरकार को हिलाने का काम हमें ही करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार कहती है कि हमने शुगर मिलों को इतना भुगतान कर दिया, मगर ये सब खोखले दावे हैं, जब तक किसानों तक पैसा नहीं पहुंचता, तब तक यह सब नहीं माना जायेगा। उन्होंने संगठन को और मजबूत करने की बात पर बल दिया।

## नहीं बढ़ा यूपी में गन्ना मूल्य, इस सत्र के लिए भी मिलेगा 370 का भाव

**लखनऊ, 17 फरवरी (एजेंसी)।** मंगलवार को कैबिनेट बाई सकुर्लेशन में कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंगलवार को यूपी विधानमंडल के सत्र की शुरूआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के संयुक्त सत्र में अभिभाषण से होगी। कैबिनेट बाई सकुर्लेशन राज्यपाल के अभिभाषण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा मार्गों के विस्तार और चौड़ीकरण को स्वीकृति मिली। अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के चैनेज 0.00 से चैनेज 25.393 के बीच 23.943 किलोमीटर में लक्ष्मण पथ को शामिल करते हुए 30.643 किलोमीटर लंबे मार्ग का चार लेन चौड़ीकरण और विस्तारीकरण किया जाएगा। प्रदेश में इस वर्ष गन्ने के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया गया है। गन्ने का मूल्य 370 रुपये प्रति कुंतल ही रहेगा। सोमवार को कैबिनेट बाई सकुर्लेशन में इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई। गन्ने की कीमत यथावत रखने का फैसला सरकार ने किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में गन्ने का राज्य परामर्शित मूल्य 370 रुपए कुंतल था, जो यथावत रहेगा इससे पहले वर्ष 23-24 में गन्ने के मूल्य में 20 रुपये कुंतल की बढ़ोतरी की गई थी। अविवाहित शहीदों के लिए नियमों में बदलाव को कैबिनेट की स्वीकृति मिल गई है। अनुकंपा आधारित नियुक्ति के नियमों में संशोधन के बाद प्रदेश के मूल निवासी शहीद सैनिक के आश्रित भाई को भी नौकरी मिल सकेगी। प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे मामले हैं, जिनमें शहीद सैनिक अविवाहित हैं। शहीद सैनिक पर ही भाई आश्रित थे। बड़ी संख्या में ऐसे मामले भी हैं, जहां शहीद की पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिल सकती। कुछ ऐसे भी मामले हैं, जहां शहीद सैनिक की विधवा पत्नी ने शहीद के छोटे भाई से शादी कर ली। ऐसी स्थिति में भी छोटे भाई को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ मिलेगा।

**योगी सरकार का बड़ा फैसला, अब शहीद के भाई को भी मिल सकेगी अनुकम्पा के आधार पर नौकरी**



## शाहपुर पुलिस की ठगी की कहानी सुनाई

**मुजफ्फरनगर।** राकेश टिकैत ने शाहपुर थाने की ठगी की कहानी सुनाते हुए बताया कि शाहपुर में एक डकैती हुई थी, उस डकैती में कई लोग हापुड़ से पकड़ लिए और डकैती से ज्यादा पैसा समझौते के नाम पर सबको छोड़ने के अलग अलग वसूल कर लिये। किसी से 80 हजार, किसी से 1 लाख तो किसी से 40 हजार वसूले गए। और जब हम किसी अधिकारी को धमका देते हैं तो हमारे पर आरोप लगते हैं कि अधिकारियों को धमका दिया। हम तो एक बार धमकाते हैं, ये तो बारी बारी से लोगों का खून चूस रहे हैं। मगर हम डरने वाले नहीं हैं। बिजनौर के एक मामले में भी हम किसानों से अनुरोध करते हैं कि ट्रैक्टर ट्रॉली ले जाकर एसएसपी को घेर लो। मुकदमे तो पहले भी हुए हैं आगे भी होते रहेंगे। इससे डरकर नहीं बैठना। इस सरकार को अधिकारी ही चला रहे हैं और इन अधिकारियों का इलाज हमें ही करना होगा। जब तक संगठन मजबूत नहीं होगा, तब तक अधिकारी यूं ही हम लोगों को अलग -अलग डर दिखाकर बांटने का काम करते रहेंगे।

## जैसी उम्मीद थी, वैसा ही हुआ, पूरे शहर में ट्रैक्टर व ई-रिक्शाओं का रहा जाम

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। नवीन मण्डी स्थल पर आयोजित भाकियू की महापंचायत में भाग लेने वाले भाकियू के कार्यकर्ता सिर्फ बालाजी रोड, टिकैत चौक, सरकुलर रोड से होकर ही नहीं निकले, बल्कि नगर के मुख्य बाजार व मुख्य सड़कों रुड़की रोड, रेलवे स्टेशन रोड, भोपा रोड से होते हुए कूकड़ा मंडी पहुंचे। चूंकि प्रशासन ने ई रिक्शाओं की भी कोई व्यवस्था नहीं की थी, जिसके चलते आधा दिन शहर में जाम ही जाम दिखाई दिया। लगभग 1-1 घंटा नगर की सभी सड़कों पर लोग जाम में फंसे दिखाई दिये। जाम लगने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने कमान संभाली तो बड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया गया। यह जाम महापंचायत शुरू होने से पहले और खत्म होने के बाद दोनों समय भयंकर रूप से लगा रहा।



## सरकार के चूहेदान में फंस चुके हो, तुम सब, बंद होने के बाद निकलने का रास्ता ढूंढते रहोगे : नरेश टिकैत



**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने महापंचायत को सम्बोधित करते हुए कहा कि तुम सब लोग दाम की बात कर रहे हो, दाम वाम तो कम ज्यादा मिलते रहेंगे। थोड़े कम में गुजारा कर लो, पहले अपने अस्तित्व को बचा लो। सरकार ने चूहेदान लगा रखा है, जिसके कटघरे में तुम फंसते जा रहे हो, मगर जो चूहा लालच में कटघरे में फंस जाता है, वह अंदर लगी घी की रोटी खाना भी पसंद नहीं करता। फंसने के बाद बस वह तिलमिलाता रहता है कि कैसे बाहर निकलूं, मगर सारे रास्ते बंद होते हैं। इसी तरह सरकार भी तुम्हें फंसाने का काम कर रही है और जब तक तुम इकट्ठे नहीं होंगे, तब तक इसी तरह चलता रहेगा। नरेश टिकैत ने कहा कि लोग आते हैं और कहते हैं कि अब संगठन में टिकैत जैसी बात नहीं रही तो हम कहते हैं कि जब वैसी बात होगी, तब आ जाना। हमें तुम लोगों के सहारे की जरूरत है। नहीं तो पुलिस भी हमारी पिंडली पीटने को तैयार है और हमें लग रहा है कि तुम भी यही चाह रहे हो कि किसी तरह हमारा भी इलाज हो जाए। हमने पटवारी से लेकर डीएम तक को देखा है, मगर हम डरते किसी से नहीं हैं। पिछले साल एसएसपी ने कोई हल्की बात की थी तो हमने एसएसपी के यहां जाकर ही उसका इलाज बांध दिया था। संगठित रहेंगे तो ये सरकार और ये अधिकारी भी हमने कहने पर सही काम करेंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा के एक नेता ने दस साल पहले कहा था कि उनकी सरकार आएगी तो गन्ने का दाम 450 रुपये प्रति कुन्तल कर दिया जायेगा, हमने सोचा इससे बढ़िया सरकार तो

शेष - पृष्ठ-4 पर

## खतौली में कार-जीप में भिड़न्त, आधा दर्जन लोग हुए घायल



**खतौली में कार-जीप की भिड़ंत के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहन तथा घायल लोग चिकित्सालय में उपचार कराते हुए।**



**खतौली, 17 फरवरी (बु.)।** जीटी रोड स्थित चर्च के सामने ईको कार व जीप के बीच हुई भीषण भिड़न्त में कार में सवार आधा दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा मवाना निवासी जावेद ईको कार से अपने परिवार सहित कस्बा शाहपुर में अपने परिचितों से मिलने गया था। परिचितों से मिलने के पश्चात जावेद सहित परिजन शाहपुर से वापस मवाना लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी कार खतौली सीमा में जीटी रोड स्थित चर्च के सामने पहुंची, इसी दौरान सड़क किनारे स्थित एक विवाह मण्डप से जेनरेटर लेकर निकली जीप से ईको कार की भीषणा टक्कर हो गई। दोनों वाहनों के बीच हुई टक्कर में ईको कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा दुर्घटना में स्त्री-पुरुष व बच्चों सहित लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों की चीख पुकार सुनकर मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा घायलों को तत्काल निकटवर्ती सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां से घायलों को रैफर कर दिया गया है।

## डस्ट से भरे ट्रक के पलटने से नीचे दबे बाइक सवार की मौत, तीन लोग घायल

**छपार, 17 फरवरी (बु.)।** हरियाणा के जनपद पानीपत निवासी 36 वर्षीय भैयाराम उर्फ रवि पुत्र सूरज निवासी 502 किशनपुर, पानीपत अपने तीन साथियों अरविंद कुमार पुत्र दशरथ सिंह व रामकुबेर पुत्र महात्मा यादव निवासीगण गणेश कालोनी, गोहाना रोड, पानीपत और देवानंद पुत्र ओपिंद्र निवासी विकासनगर, जनपद पानीपत दो बाइकों पर सवार होकर हरिद्वार गंगा स्नान करने गए थे। सोमवार सुबह को वह वापस पानीपत जा रहे थे, सुबह सवेरे 5 बजे के लगभग ये लोग पानीपत-खटीमा बाइपास मार्ग के बजाय आगे निकलकर रामपुर तिराहे पर चले और वहां पर स्थित कट पर सड़क पार करने के लिए रुक गए, तभी हरिद्वार की ओर से तेज गति से आ रहे डस्ट से भरे ट्रक से कार को बचाने के प्रयास में चालक का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर पलट गया। चारों बाइक सवार ट्रक व मिट्टी के नीचे दब गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जेसीबी मशीन के द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद मिट्टी को हटाकर दबे लोगों को बाहर निकाला, परंतु तब तक भैयाराम उर्फ रवि की मौत हो गई, जबकि अरविंद, देवानंद व रामकुबेर गम्भीर घायल हो गए। ट्रक चालक सोहेल पुत्र गफ्फार निवासी नहलमैसेड़ी थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद भी घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। ट्रक के नीचे दबी बाइकों को निकलवाकर थाने भिजवाया।



## दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये

**नयी दिल्ली 17 अगस्त (वार्ता)** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप के तीव्रता चार मापी गयी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह पांच बजकर 37 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किये। भूकंप की तीव्रता चार मापी गयी और भूकंप का केन्द्र राष्ट्रीय राजधानी में जमीनी सतह से पांच किलोमीटर नीचे स्थित था। दिल्ली के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा और उसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप के कारण लोगों के घरों के छत के पंखे तेज से हिलने लगे और घरों में रखे बर्तन खड़कने लगे। डर के कारण लोग अपने घरों से बाहर निगल आये। एनसीएस के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र 28.59 डिग्री उत्तर अक्षांश और 77.16 डिग्री पूर्वी देशांतर, जमीनी सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। दिल्ली पुलिस ने किसी तरह की परेशानी होने पर लोगों से आपातकालीन सेवा 112 पर डायल करने की सलाह दी है। अभी तक किसी तरह के जनहानि और नुकसान की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आयी है।

## जीओ कम्पनी के मैनेजर की लुटाई के बाद बुरी तरह पिटाई, मगर पुलिस को कुछ बात समझ न आई

मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)। शामली के रहने वाले मन्ना माजरा निवासी विपिन मलिक मेरठ के जीओ कम्पनी में मैनेजर की पोस्ट पर कार्यरत है। कल रात विपिन मलिक रविवार की रात 9:30 बजे विपिन मलिक जब अपने पिता को अपने गांव मन्ना माजरा छोड़कर वापस लौट रहा था, विपिन के अनुसार तभी लिफ्ट लेने के नाम पर दो बदमाश उसकी वैन्यू कार में बैठे। कार में बैठने के बाद हथियारों की नोंक पर बदमाश विपिन को तितावी थाना क्षेत्र के मुरादपुर में नलकूप पर ले गए, जहां बदमाशों ने लूट करने के बाद विपिन की जमकर ठुकाई की। विपिन को देखकर लग रहा था कि जैसे बदमाशों ने उसे थर्ड डिग्री दी हो। हाथों पर पिटाई के निशानों में खून के थक्के तथा विपिन की आंखों के पास से खून भी बह रहा था। पुलिस को जब इस मामले की सूचना मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीरावस्था में विपिन को जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से उसे मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। विपिन का कहना है कि बदमाशों ने उससे सोने की चेन, दो मोबाइल व छह हजार रुपये की नकदी लूटी है। लूट के बाद विपिन को गाड़ी में डालकर ही छोड़ गए।



### बैग में आपत्तिजनक सामग्री मिलने से पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही

**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)।** लूट के बाद विपिन मलिक की लूट में पुलिस अभी कुछ समझ नहीं पा रही है। पुलिस दो कारणों से मामले को संदिग्ध मान रही है कि बदमाशों को यदि लूट ही करनी थी तो उसकी गाड़ी भी लूट सकते थे, दूसरा लुटेरों का उद्देश्य सिर्फ लूट ही करना था तो वे दो मोबाइल, सोने की चेन और 6 हजार रुपये तो ले ही गये थे, फिर लुटेरों ने विपिन मलिक की इतनी बेरहमी से पिटाई क्यों की कि उसकी आंख की पलकों से खून साफ रिस रहा था और हाथों व शरीर पर अन्य निशान पूरी तरह से लाल थे। जिस तरह की हालत विपिन की दिख रही थी, उससे तो यह लग रहा था कि जैसे किसी ने पुरानी रंजिश निकालने का काम किया हो। सच बात तो पूरी जांच के बाद ही सामने आएगी, मगर फिलहाल पुलिस को मामला कुछ और ही लग रहा है।

## महाकुंभ में आग लगने से कई शिविर तबाह

**महाकुंभनगर, 17 फरवरी (वार्ता)** प्रयागराज में महाकुंभनगर के सेक्टर आठ में सोमवार को आग लगने से कई टेंट जल कर राख हो गए। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि सेक्टर आठ में बजरंगदास मार्ग के एक खाली शिविर में आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन दल की कई गाडियां तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। घटनास्थल को चारों तरफ से घेराबंदी कर लोगों को आसपास से आने जाने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि शिविर खाली कर श्रद्धालु जा चुके थे। आग लगने का तत्काल कारण नहीं पता चल सका।

गौरतलब है कि मेला क्षेत्र में 13 जनवरी से लेकर अब तक पांचवीं बार आग लग चुकी है। हादसे में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। सबसे पहले 19 जनवरी को सेक्टर 19 में गीता प्रेस के केंप में आग लगी थी जिसमें कई टेंटजलकर नष्ट हो गये थे। उसके बाद 30 जनवरी को सेक्टर 22 में आग लगने से 15 टेंट जले थे। सात फरवरी को सेक्टर 18 में शंकराचार्य मार्ग स्थित शिविर में आग लगी जिसमें 15 से अधिक टेंट जलकर नष्ट हो गए और 17 फरवरी को सेक्टर आठ में बजरंगदास मार्ग के खाली शिविर में आग लगी जिसे समय रहते बुझा लिया गया।

## नहीं हो पाई रेलवे स्टेशन के सामने वक्फ सम्पत्ति मामले में गृह मंत्रालय में सुनवाई

**मुजफ्फरनगर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री लियाकत अली खान के परिवार की मुजफ्फरनगर में रेलवे स्टेशन के सामने मौजूद सम्पत्ति की सुनवाई गृह मंत्रालय में सोमवार को नहीं हो सकी। आपको बता दें कि रेलवे स्टेशन के सामने बनी मस्जिद व चार दुकानों को शत्रु सम्पत्ति घोषित किया गया था। इस मामले में मुफ्ती मुजिबुल इस्लाम ने सम्पत्ति को अपना बताते हुए सिविल जज जूनियर डिवीजन में वाद दायर किया था। इस प्रकरण में आज सोमवार को सुनवाई होनी थी मगर गृह मंत्रालय में इस मामले की सुनवाई नहीं हो पाई थी। इस मामले में राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोरा ने प्रशासन से इसकी शिकायत की थी, जिसके बाद शत्रु सम्पत्ति विभाग की ओर से जिला प्रशासन को पत्र भेजा गया था, जिसमें डीएम को उक्त सम्पत्ति को अपने नियंत्रण और प्रबंधन में लेने की बात कही गयी थी, जिसके बाद ही मुफ्ती द्वारा सिविल जज जूनियर डिवीजन में उक्त सम्पत्ति को अपना बताते हुए वाद दायर किया गया है। अब देखना यह होगा कि इस मामले में गृह मंत्रालय में कब सुनवाई होती है और उस पर क्या निर्णय लिया जाता है।



## फावड़े से काटकर हत्या के मामले में पिता-पुत्र व दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)।** मीरापुर थाना क्षेत्र के कुतुबपुर में महिला की फावड़े से काटकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में मन्नू उर्फ छंगा पुत्र पप्पन, तैयब पुत्र छंगा, पप्पू उर्फ महबूब व सरताज पुत्र दिल्लो निवासीगण कुतुबपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उक्त चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। सोमवार को एडीजीसी प्रदीप कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि फास्ट ट्रैक कोर्ट-3 के न्यायधीश कमलापति की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट में कुल 9 गवाह पेश किये गए, जिसमें सुनवाई करते हुए कोर्ट ने आरोपी पिता-पुत्र व दोनों सगे भाईयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ-साथ 27 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी दिया। आपको बता दें कि उक्त पूरी घटना सिर्फ कबूतर उड़ाने के विवाद के चलते हुई थी, जिसमें महिला की फावड़े से काटकर हत्या कर दी गयी थी।

## 20 को मिलेगा दिल्ली को नया मुख्यमंत्री

**रामलीला मैदान में भव्य समारोह की चल रहे तैयारी**



**नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसी)।** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी 19 फरवरी को सरकार बनाने का दावा पेश करेगी। इसके बाद 20 फरवरी को नए मुख्यमंत्री शपथ लेंगे। सूत्रों के अनुसार दिल्ली में बीजेपी विधायक दल की बैठक 19 फरवरी को होगी। हालांकि यह बैठक आज शामे को ही होने वाली थी। लेकिन इसे कैंसल कर दिया गया, जिसके बाद सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि 19 फरवरी को विधायक दल की बैठक होगी।

20 फरवरी को 4.30 बजे दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह रामलीला मैदान में होगा। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में तैयारी की जा रही है, कुर्सियां लाई गई हैं, टेंट लगाए जा रहे हैं, बड़े-बड़े सोफे और गद्दे यहां पर पहुंचाई जा रही है, और कारीगर समारोह को भव्य बनाने की तैयारी में जुड़ गए हैं। रामलीला मैदान में होगी नए मुख्यमंत्री की शपथः बताया जा रहा है कि शपथ ग्रहण समारोह में 3 मंच बनाए जाएंगे। मंच पर लगभग 100 से 150 कुर्सियां लगाई जाएंगी। आम लोगों के बैठने के लिए करीब 30 हजार कुर्सियां लगाई जाएंगी। डेढ़ लाख लोगों के आने की यहां पर व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री की रेस में सबसे पहला नाम नई दिल्ली से अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश साहब सिंह वर्मा का चल रहा है, इसके साथ ही अन्य नाम हैं, जिनमें सतीश उपाध्याय, रेखा गुप्ता, अभय वर्मा, जितेंदर महाजन जैसे नाम शामिल है।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने काफिला रुकवाया और दुर्घटना ग्रस्त लोगों को अस्पताल भिजवाया

**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के पीनना तिराहे पर सोमवार को डीसीएम व बाइक की टक्कर हो गयी, जिसमें बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए। दरअसल सोमवार की दोपहर शहर कोतवाली क्षेत्र के मिमलाना रोड निवासी शाकिब और उसका मौसेरा भाई साद एक ही मोटर साइकिल पर सवार होकर तितावी थाना क्षेत्र के अमीरनगर में भाभी की बहन की शादी में शामिल होने जा रहे थे। पीनना तिराहे के निकट उन्हें डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। तभी उधर से पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान गुजर रहे थे। उन्होंने जैसे ही उक्त हादसा देखा तो अपने काफिले को वहीं रोक लिया और शहर कोतवाली प्रभारी अक्षय शर्मा को फोन से शाकिब और साद के घायल होने की सूचना दी और घायलों को तुरन्त जिला चिकित्सालय भिजवाने का काम किया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए डीसीएम को अपने कब्जे में ले लिया। देर शाम तक दोनों युवकों का उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा था।





## आज का इतिहास

**नई दिल्ली,17 फरवरी (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 18 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं। 1614-जहांगीर ने मेवाड़ पर कब्जा किया। 1695-फ़्रांसीसी खोजी ला सेले ने टेक्सास में बस्ती बसाई। 1884-चार्ल्स गोल्डेन के नेतृत्व में ब्रिटिश फौजें सुडान पहुँची। 1900-दक्षिण अफ़्रीकी युद्ध में पाई क्रोन्स ने ब्रिटिश फौजों के सामने हथियार डाल दिए। 1905-शामजी कृष्णवर्मा ने इंडिया होमरूल सोसायटी की स्थापना लंदन में की। 1911-एयर मेल की पहली आधिकारिक उड़ान इलाहाबाद में हुई, जो 10 कि.मी. की थी। विमान से पहली बार डाक पहुँचाने का काम भारत में हुआ, जिसमें 6500 पत्र नैनी ले जाए गये। 1915-प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी ने इंग्लैंड की नाकेबन्दी की। 1930-प्लूटो की खोज क्लाइड टॉमबा द्वारा की गई। इसे लंबे वक्त तक हमारे सौरमंडल का नौवां ग्रह माना गया, लेकिन बाद में इससे ग्रह का दर्जा वापस ले लिया गया। 1941-अमेरिका के गायक इमा थॉमस का जन्म हुआ। 1943-नाजी सेना ने व्हाइट रोज आन्दोलन के सदस्यों को गिरफ़्तार किया। 1945-द्वितीय विश्वयुद्ध में इवा जिमा के लिए लड़ाई शुरू हुई। 1946-शाही नौसेना विद्रोह मुंबई में हुआ। 1954-पहले चर्च आफ साइंटोलॉजी की स्थापना कैलिफोर्निया में की गई। 1965-द गांबिया युनाइटेड किंगडम के शासन से स्वतंत्र हुआ। 1965-चीन द्वारा पाकिस्तान को 60 करोड़ डॉलर का ब्याजमुक्त कर्ज देने के समझौते पर दोनो देशों के प्रतिनिधियों ने कराची में दस्तख्त किए। 1970-फि लिपीन्स में युवकों ने अमेरिकी सैन्य अड्डों के विरोध में अमेरिकी दूतावास पर धावा बोला। 1971-भारत और ब्रिटेन के बीच उपग्रह सम्पर्क कायम हुआ। 1977-अमेरिकी अभिनेता एंडी डिवाइन की मृत्यु हो गई। 1979-सहारा रेगिस्तान में पहली और अब तक के रिकार्ड में अंतिम बार हिमपात की घटना हुई। अमेरिका ने भारत को 1664 करोड़ रुपये का चेक दिया जो कि दुनिया में सबसे बड़ी रकम का चेक माना जाता है। 1983-अमेरिका के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी लूट की ऐसी घटना हुई, जिसमें 13 लोग मारे गये। 1988-बोरिस येल्तसिन सत्तारूढ़ कम्यूनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो से हटा दिये गए।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1335, रसकट ढैया 1250-1265, चाकू 1365-1560, लड्डू 1380-1435, खुरपापाड़ 1370-1375, शक्कर मसाला 1460-1480। आमद- 4000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 87200 | चांदी- | 96300 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 65095 |

## आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 18 फरवरी, 2025

**मेष-** संकल्प सिद्धि का प्रयास, शुभ विचारों का उदय, आत्मिक शांति, मनोरंजन में रुचि, भौतिक सुख के साधन सुलभ, उपहार या सम्मान का लाभ, वाहन सुख प्राप्त।

**वृषभ-** व्यावसायिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, व्यक्तिगत समस्या समाधान, हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक कार्यों में सफलता, विवाद का समापन, मानसिक राहत।

**मिथुन-** ग्रहयोग बेहतर, पारस्परिक संबंधों में मधुरता, दाम्पत्य जीवन सुखमय, कठिनाइयों का निवारण, शुभ कार्य हेतु व्यय, धन का प्रतिफल, यात्रा सुखद, शान्ति।

**कर्क-** समस्याओं से परेशानी, भौतिक सुख में न्यूनता, आर्थिक लेन-देन में नुकसान, स्पष्टवादिता घातक, व्यर्थ के भाग-दौड़ से हानि, जल्दबाजी का निर्णय अहितकर।

**सिंह-** सफलता का मार्ग प्रशस्त, लाभ का सिलसिला, विशिष्टजनों से सम्पर्क, नवसमाचार की प्राप्ति, परिवार में शांति, किसी उत्सव में शामिल होने का सुअवसर।

**कन्या-**विपरीत कार्यों में प्रगति, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु अधिक खर्च, धन-सम्पत्ति विषयक मसला हल, मित्रों से विचार-विमर्श, सामाजिक प्रतिष्ठा संतोषजनक।

**तुला-** सद्विचारों का उदय, योजना फलीभूत, पारिवारिक वातावरण अनुकूल, आपसी सद्भाव, राजनीतिक गतिविधियों में अभिरुचि, परिवार में शुभकृत्य सम्पादित।

**वृश्चिक-** सोचे हुए कार्य अधूरे, मानसिक उलझनें, वैचारिक अस्थिरता, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, मित्रों में गलतफहमी, धनागम में बाधा, व्यर्थ भ्रमण से धनहानि।

**धनु-** मनोभिलाषित योजना में अनुकूलता, आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता, राजनीतिक गतिविधियों में अभिरुचि, पुराने विवाद का समापन, मंगल आयोजन सम्पादित।

**मकर-** कार्य-व्यवसाय में सफलता, सद्विचारों का उदय, परोपकार की भावना, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, किसी योजना में सम्मिलित होने का सुयोग, नवसम्पर्क लाभ।

**कुम्भ-** आत्मशक्ति का विकास, जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, धन संचय में रुचि, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, आनन्द की अनुभूति, स्वाध्याय में अभिरुचि।

**मीन-** पूँजी का अभाव, परिवार में मन मुटाव, आहार-विहार की अनियमितता से स्वास्थ्य प्रभावी, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, इच्छित पद की प्राप्ति में अड़चनें।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# शाहपुर क्षेत्र में विधायक राजपाल बालियान ने किया डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास



**शाहपुर, 17 फरवरी (बु.)।** क्षेत्र के गांव काकड़ा व सोरम में क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान ने लगभग डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास कर दोनों गांवों के बदहाल मुख्य मार्गो के निर्माण को हरी झंडी दी। शाहपुर क्षेत्र में बुढ़ाना विधायक व विधान सभा में विधानमंडल दल के नेता राजपाल बालियान ने गांव काकड़ा में सवा किलोमीटर लंबाई के 62.55 लाख की लागत से बनने वाले गुरुद्वारा मार्ग व सोरम में मुले जाटो वाले पुल से कब्रिस्तान तक के लगभग डेढ़ किलोमीटर लम्बाई के मार्ग, जो 83.14 लाख की लागत से बनेगा। 145.69 लाख के लागत के दोनों कार्यो का सोमवार को शिलान्यास किया गया। दोनों मार्गों निर्माण से ग्रामीणों को राहत महसूस होगी। विधायक राजपाल बालियान ने बताया कि शिकारपुर-पलड़ी बाईपास के निर्माण के लिए भी स्वीकृति मिल गयी है। यह बाईपास पहले गन्ना विभाग द्वारा बनाया गया था, जिसे लोकनिर्माण विभाग के लिए लखनऊ से अनुमति दिलाई गई है। इस मार्ग का भी जल्द ही शिलान्यास किया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान काकड़ा के ग्राम प्रधान नीरज बालियान, पूर्व प्रधान रविन्द्र चौधरी, देवेंद्र चौधरी, जिला पंचायत सदस्य यूनुस चौधरी, अंकित बालियान, सोरम के पूर्व प्रधान तनवीर चौधरी, खालिद चौधरी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने में मदद करे सम्पूर्ण विपक्षः योगी



**लखनऊ, 17 फरवरी (वार्ता)।** मंगलवार से शुरु होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की पूर्व संध्या पर आयोजित सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष को जनहित के मुद्दों को सदन में रखने की अपील करते हुये कहा कि स्वस्थ चर्चा से प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने में सरकार की मदद करें। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक में नेता सदन एवं मुख्यमंत्री योगी ने विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के नेताओं से कहा कि जनहित के मुद्दों को सदन में रखें एवं स्वस्थ चर्चा कर प्रदेश में विकास को और गति प्रदान करने में सरकार का सहयोग करें। विधानसभा सत्र संचालन के संबंध में विधान भवन में सोमवार को सर्वदलीय बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए। इससे प्रदेश का विकास भी होता है और जनता की समस्याओं का समाधान भी। जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के हित से जुड़े हर मुद्दों पर सदन में सुचारू रूप से चर्चा होनी चाहिए। सीएम ने कहा कि सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधाएं न आएं, इसका ध्यान सभी सदस्यों को रखना चाहिए। बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक बेदी राम, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी से विनोद सरोज आदि मौजूद रहे।

## आतिशी का कटाक्ष-दस दिनों में भी मुख्यमंत्री नहीं चुन पाई भाजपा

**नई दिल्ली, 17 फरवरी (वार्ता)।** आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि चुनाव परिणाम के दस दिन बाद भी भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम का चयन नहीं कर पाई है। सुश्री आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन कर सोमवार को कहा कि पिछले दस दिन से मुख्यमंत्री को चयन नहीं कर पाने से यह साबित हो गयी कि भाजपा के विधायकों में से एक भी मुख्यमंत्री बनने लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव के नतीजे आये हुए दस दिन बीत चुके हैं। दिल्ली की जनता इंतजार करती रह गई लेकिन भाजपा मुख्यमंत्री पर कोई फैसला नहीं ले पाई। उन्होंने कहा कि आज यह साबित हो गया है कि भाजपा के पास दिल्ली सरकार चलाने के लिए कोई चेहरा नहीं है।

# एजेंट पर कलेक्शन के पैसे लेकर फरार हो जाने का आरोप लगाया

## एसएसपी से लोगों का पैसा वापस दिलाने की गुहार

**जानसठ, 17 फरवरी (बु.)।** कस्बे में संचालित स्वाभिमान फाइनेंस कंपनी के एरिया मैनेजर ने कलेक्शन एजेंट पर कस्टमर से इकट्ठा किया हुआ कंपनी का पैसा लेकर जाने का आरोप लगाया। पुलिस एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी।



अवनीश सिरोही पुत्र भूपेंद्र सिंह निवासी ग्राम समसपुर थाना बहसुमा जनपद मेरठ ने एसएसपी को शिकायती-पत्र दिया। उसने शिकायती-पत्र में बताया कि वह कस्बे में स्वाभिमान फाइनेंस कंपनी में दो साल से एरिया मैनेजर के पद पर नियुक्त है। सुहैल पुत्र असलम निवासी ग्राम रसूलपुर धौलड़ी-नानू फतेहपुर मेरठ भी स्वाभिमान फाइनेंस में फील्ड कलेक्शन का काम करता था। अवनीश सिरोही ने शिकायती पत्र में बताया कि चार जनवरी को सुहैल फील्ड में कलेक्शन करने गया था, जब वह शाम पांच बजे तक भी वापस ब्रांच में नहीं आया, तब ब्रांच मैनेजर विक्रांत ने उससे फोन पर पूछा तो उसने बताया कि वह अपने घर आ गया है। उसने शिकायती-पत्र में बताया कि सुहैल 82 कस्टमर से 19,937,0 रुपये का कलेक्शन कर ले गया है। उसने शिकायती-पत्र में बताया कि मोहसिन खतौली ब्रांच का सेंटर मैनेजर जोकि उसका रिश्तेदार है, वह भी उससे मिला हुआ है। अवनीश सिरोही ने एसएसपी से सुहैल द्वारा ले जाए गए पैसे को वापस दिलाने की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि सुहैल और मोहसिन के खिलाफ एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# एसडी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग खेल उत्सव में नन्हे-मुन्ने का धमाल

**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बुस.)।** एसडी पब्लिक स्कूल में कक्षा एलकेजी और यूकेजी के विद्यार्थियों ने खेल उत्सव सक्षम में अति उत्साह से भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए बैलेंस द बॉल, ट्रेन, फ्रॉग, रिले रेस, बैग-बोतल आदि विभिन्न प्रकार की मनोरंजक दौड़ कराई गईं। विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उमंग से इन सभी में भाग लिया और आनंद उठाया। विंग इंचार्ज डॉ. रचना जैन ने ध्वज फहरा कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। विद्यार्थियों ने खेल प्रतिज्ञा ली। डायरेक्टर चंचल सक्सेना ने अपने संदेश में छात्रों को खेलों के महत्व के बारे में बताया और उन्हें प्रेरित करते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में अभिभावकों एवं शिक्षकों का यह कर्तव्य बन जाता है कि वे बच्चों की क्रियाशील खेलों के प्रति भागीदारी सुनिश्चित करें, जिससे बच्चों का सुदृढ़ मानसिक एवं शारीरिक विकास हो। कार्यक्रम में विद्यालय में होने वाली गतिविधियों के लिए विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। विद्यालय के खेल शिक्षकों राजीव सक्सेना, शिवम कुमार, शिवानी कुमारी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने



खेलों का नियमित अभ्यास किया और शानदार प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुमारी हुमा शमीम, मनीषा जैन, साक्षी अरोरा एवं मिली मित्तल का कार्यक्रम के आयोजन में विशेष सहयोग रहा। सभी कक्षाध्यापिकाओं का निर्देशन सराहनीय रहा। विंग इंचार्ज डॉ. रचना जैन ने इस अवसर पर सभी छात्रों को बधाई दी और कहा कि हमारा उद्देश्य न केवल छात्रों को शैक्षणिक दृष्टि से सशक्त बनाना है, बल्कि उनके समग्र विकास के लिए उन्हें खेलों में भी उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करना है। तकनीकी युग में जहाँ डिजिटलकरण ने जीवनशैली को तेज और सुविधाजनक बनाया है, वहीं इसने सभी को आलसी और निष्क्रिय भी बना दिया है। खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर हम नन्हे मुन्ने बच्चों को निष्क्रियता से बचा सकते हैं और एक स्वस्थ, ऊर्जावान और खुशहाल जीवन दे सकते हैं। तकनीक का सही उपयोग और खेलों के प्रति रुचि बनाए रखना ही संतुलित जीवन की कुंजी है। अभिभावकों ने विद्यालय में उपस्थित होकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उनकी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया।

# नगर में पहला एमआरएफ सेंटर शुरू, कूड़े से बढ़ेगी आय

**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)।** पालिका चेयरपर्सन का कूड़े से कमाई का ड्रीम प्रोजेक्ट कागजों से निकलकर धरातल पर आ गया है। सोमवार को पालिका ने कूड़े से कमाई के प्रमुख साधन एमआरएफ सेंटर का शुभारंभ कर दिया। पहले दिन मशीनों के ट्रायल करते हुए कर्मचारियों को वेस्ट सेग्रीगेशन की ट्रेनिंग देने का काम पूरा किया गया। इस एमआरएफ सेंटर का संचालन पालिका ने शून्य खर्च आधारित अनुबंध पर एनजीओ को दिया है। यहां आने वाले कूड़े का पृथकीकरण करते हुए इसमें प्लास्टिक और दूसरी उपयोगी चीजों की बिक्री से होने वाली कमाई पालिका की आय बढ़ाने का काम करेगी। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के नेतृत्व में नगरपालिका परिषद् ने अब कूड़े को कमाई का साधन बनाने के स्वप्निल प्रयासों को हकीकत में बदलने का काम कर दिखाया है। सोमवार में वार्ड 15 मौ. एकता विहार रुड़की रोड पर बनाए अपने पहले एमआरएफ सेंटर का शुभारंभ करते हुए इसे क्रियाशील कर दिया गया। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने रुड़की रोड पर बने एमआरएफ सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ करने के साथ यहां पर वेस्ट सेग्रीगेशन के लिए लगाई विभिन्न मशीनों को मैन पावर में कूड़े के साथ परखने का काम किया। इस दौरान यहां पर लगाये कर्मचारियों को मशीनों पर कार्य करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के डीपीएम सुशील कुमार ने प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कर्मचारियों को मशीनों के संचालन व उनके कार्य व उपयोग की जानकारी दी। मंगलवार से इस सेंटर पर पांच वार्डो से कूड़ा पहुंचाने के लिए एनएसए को व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

**इन्होंने कहा-** ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि कूड़े को पालिका की आय का साधन बनाने के लिए शासन ने एमआरएफ सेंटर स्थापित कराने का काम किया गया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के मार्गदर्शन में पालिका का पहला एमआरएफ सेंटर शुरू कराया है, जिसका संचालन शून्य खर्च के आधार पर एनजीओ से कराने का निर्णय लिया। अभी पालिका ने एनजीओ महाराज श्रीजी एक पहल पर्यावरण और शिक्षा की ओर के साथ अनुबंध किया है। इसके अध्यक्ष राहुल शर्मा, सचिव गौहर वाल्मीकि के साथ तीन माह का अनुबंध है। पालिका एनजीओ को कोई खर्च नहीं देगी। सेंटर पर उसके आसपास के 5 से 10 वार्डो से निकलने वाला कूड़ा सफाई कर्मियों और एमआईटूसी कंपनी के वाहनों से पहुंचाया जायेगा। इस कूड़े का एनजीओ द्वारा लगाए छह कर्मचारी मशीनों के माध्यम से सेग्रीकेशन करेंगे और प्लास्टिक, लोहा, चमड़ा व अन्य उपयोगी वस्तुओं को छांटने के बाद मशीनों से उनका प्रोसेस कर बाजार में बिक्री की जायेगी। इससे होने वाली आय से पालिका एनजीओ को तय रकम रखने का अधिकार देगी, शेष रकम पालिका के कोष में आयेगी। ये अभी ट्रायल बेस पर किया गया है। 3 माह बाद चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के साथ वार्ता करते हुए आगामी रूपरेखा बनाई जायेगी। अगले एक माह में हमारे दो ओर एमआरएफ सेंटर क्रियाशील होने जा रहे हैं। इनमें से एक एकता विहार व दूसरा बीबीपुर में बनाया है, यहां मशीन की खरीद के लिए टैंडर हो चुके है। एक एमआरएफ सेंटर के निर्माण पर करीब 50 लाख रुपये से ज्यादा का खर्च हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस एनजीओ के साथ जो छह कर्मी लगाये गये हैं, वो रेक्टीकर्स कूड़ा बीनने वाले लोग हैं, शासनादेश में इन लोगों से ही कार्य करने के लिए व्यवस्था दी गई है।

# भीड़ इतनी है के खुलकर साँस भी आती नहीं, जिन्दगी दुनिया के मेले में सुकूँ पाती नहीं

## साहित्य को समर्पित संस्था समर्पण की काव्य गोष्ठी में हिंदी उर्दू का हुआ मिलन

**मुजफ्फरनगर 17 फरवरी ( बुस.)।** हिंदी, उर्दू साहित्य को समर्पित संस्था समर्पण की काव्य गोष्ठी का आयोजन शाकुंतलम कॉलोनी में हुआ। अध्यक्षता वरिष्ठ शायर अब्दुल हक सहऱ ने की। संचालन आस मोहम्मद अमीन का रहा।

विजया गुप्ता का गीत,
परम पुनीत प्रेम प्रिय को प्रकट करो सद्भाव से,
एक निष्ठ हो तब समर्पण दूर रहो दुर्भाव से।
एडवोकेट पुष्पलता की पंक्तियाँ-
ये जमीं बदल गई आसमाँ बदल गया, ज़िंदगी का यूं लगा पहरुआ बदल गया।
अब्दुल हक सहर ने फरमाया
लोग देखें तो देखते ही रहें, चेहरा लेकर तू आईने से निकल।
सलामत राही की रचना
भीड़ इतनी है के खुलकर साँस भी आती नहीं,
जिन्दगी दुनिया के मेले में सुकूँ पाती नहीं।
आस मुहम्मद अमीन ने पढ़ा
उनको काँटे की तरह चुभता है हर शेर मेरा, मेरे अशआर जो खुश हो के सुना करते थे।
योगेन्द्र सोम ने पढ़ा
धरती की छाती पे बहता है जल
जीवन है नदिया ओ साथी चल।
सुनीता मलिक सोलंकी ने पढ़ा
आदमी के कर्म उसे जिन्दाबाद रखते हैं,
जिन्दगी के फर्ज निभे, उन्वान रखते हैं।

इनके अलावा सहदेव आर्य, विनोद वत्स, लईक खां, ईश्वर दयाल गुप्ता ने भी रचना पाठ किया। गोष्ठी में एडवोकेट पुष्पलता की पुस्तक गीतायन का विमोचन भी हुआ। योगेंद्र सोम ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# भारत आए कतर के अमीर अल थानी, पीएम मोदी ने की अगवानी

**नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसी)।** कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी भारत दौरे पर पहुंच गए हैं। वहीं उनके स्वागत के लिए पीएम मोदी खुद आईजीआई एयरपोर्ट पर पहुंचे और उनके गले लगकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया है। कतर के अमीर अपने दो दिवसीय भारत दौरे पर आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचकर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की अगवानी की है। इस दौरान उन्होंने कतर के अमीर से गले लगकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर समेत कई अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। बता दें कि, कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी 17-18 फरवरी को भारत की राजकीय यात्रा पर पहुंचे हैं। अपनी यात्रा के दौरान शेख तमीम बिन हमद अल थानी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। 18 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में शेख तमीम बिन हमद अल थानी का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। भारत और कतर के रिश्तों को बढ़ाने के मकसद से विदेश मंत्री एस. जयशंकर एक साल में चार बार कतर की यात्रा कर चुके हैं। कतर भारत का सबसे बड़ा एलएनजी आपूर्तिकता है। वित्त वर्ष 2022-23 में कतर के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 18.77 अरब डॉलर था। दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध हैं। कतर में लगभग 8 लाख भारतीय नागरिक हैं, जो मेडिकल, इंजीनियरिंग, शिक्षा, फाइनेंस और लेबर जैसे अलग क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं।



# गन्ना किसानों ने चीनी मिल का किया घेराव

**बुढ़ाना, 17 फरवरी (बु.)।** क्षेत्र के किसानों को समय पर गन्ने का भुगतान न मिलने से आक्रोशित सैकड़ों गन्ना किसानों ने सोमवार के दिन बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल, भसाना का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया और मिल प्रशासन को खुली चेतावनी दी कि अगर जल्द ही किसानों को उनके गन्ने का भुगतान नहीं किया गया, तो शुगर मिल पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा। प्रदर्शन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष पहलवान सुधीर पंवार के नेतृत्व में किया गया। पहलवान सुधीर पंवार ने कहा कि मिल चुप-चाप इज्जत से किसानों को उनके गन्ने का भुगतान दे दे, नहीं तो मिल प्रशासन को फिर किसानों की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। किसान तो मिल के अधिकारियों की दिक्कतें सह ही रहा है, लेकिन मिल प्रशासन किसानों के द्वारा की गयी किसी भी दिक्कत को सह नहीं पाएगा।?उन्होंने बजाज मिल का पेमेंट सबसे गंदा पेमेंट बताया और कहा कि जब किसान को समय पर गन्ने का भुगतान ही नहीं मिलेगा, तो ऐसे में किसान फिर करो या मरो की स्थिति में आ जाएगा। मिल प्रशासन ने आक्रोशित किसानों को शांत करते हुए आश्वासन दिया कि मिल चीनी बेचकर जल्द ही किसानों का भुगतान करेगा। धरने पर सैकड़ों गन्ना किसान मौजूद रहे।

# डीएम के निर्देशों को धता बता गये दुकानदार, बंदी में खुली रही दुकानें

**बुढ़ाना, 17 फरवरी (बु.)। डीएम के साफ निर्देश थे कि सोमवार के दिन बुढ़ाना नगरवासी अपनी-अपनी दुकानों को बंद करके साप्ताहिक बंदी का अवश्य पालन करेंगे, लेकिन उनके आदेश यहां सोमवार के दिन हवा में ही उड़ते दिखाई दिए। सैकड़ों दुकानदारों ने बेखौफ होकर अपनी-अपनी दुकानें खोली। जो भी प्रतिष्ठान खुले रहे, उनके फोटो तो पूरे दिन सोशल मीडिया पर वायरल ही होते रहे, लेकिन क्या मजाल है कि जो कोई भी इन दुकानदारों को कुछ कह दे। इनमें से कोई दुकानदार सत्ता से जुड़ा था, तो कोई अपने आप में दबंग था। जिसके चलते यह दुकानदार बेखौफ होकर अपनी दुकान खोलते नजर आए। इनकी देखा-देखी में और भी दुकानदार साप्ताहिक बंदी के बंदिश तोड़ते दिखाई दिये। कुछ दुकानदारों ने खुले रूप से तो कुछ दुकानदारों ने चोरी-छिपे दुकानों के आधे शटर उठाकर दुकानदारी की और डीएम के निदेर्शों का मखौल उड़ाया। यहां पर पुलिस तो दूर की बात कोई होमगार्ड तक भी किसी दुकानदार की दुकान को बंद कराने नहीं आया।**

## पांचवें दिन भी सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी

**जानसठ, 17 फरवरी (बु.)।** नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर पांचवें दिन भी हड़ताल पर रहे। सोमवार को भी सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अडिग हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि उनकी मांग हैं कि नगर पंचायत में संविदा सफाई कर्मचारियों की ठंडी, गर्म वर्दी का भुगतान तत्काल कराए जाने की व्यवस्था कराई जाए। सफाई कर्मचारियों से रात्रि में काम लिया जा रहा है, उसका वे पुरजोर विरोध करते हैं। कर्मचारी रात्रि में कार्य नहीं करेंगे। संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थाई किया जाए। इसके अलावा राज्य कर्मचारियों की भांति नगर निकाय सफाई कर्मचारियों को भी सातवें वेतन का लाभ दिलाए जाने की मांग की। उत्तर प्रदेश में जनसंख्या के आधार पर दो लाख सफाई कर्मचारियों की भर्ती किए जाने व पदोन्नति की जाए। ठेका सफाई कर्मचारियों को शासनादेश अनुसार 21 हजार रुपये प्रति माह देने आदि मांग शामिल है। इस दौरान अध्यक्ष विनोद कुमार, महामंत्री मलखान सिंह, जितेंद्र कुमार, विकास दीप, संजीव कुमार, अरविंद कुमार, नंदू, गोविंद, चिन्की, ललित, तारावती, पुष्पा देवी, कमलेश, मिथिलेश, अनीता, संगीता देवी आदि मौजूद रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 3144, दिनांक 13/03/2013 में गलती से पुत्र का नाम वेदांश (VEDANSH) अंकित कराया गया था जबकि उसका वास्तविक नाम वेदांश महालिया (VEDANSH MAHALIYA) है। जिसे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**देशपाल**
म0न0 570/169,
भरतिया कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

# ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी करने को लेकर हमले का प्रयास

**जानसठ, 17 फरवरी (बु.)।** मकान के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी करने को लेकर गांव के ही पिता व पुत्रों ने मिलकर ग्रामीण पर हमला करने का प्रयास किया। ग्रामीण ने भागकर जान बचाई। क्षेत्र के गांव वाजिदपुर कवाली निवासी सुबोध कुमार पुत्र रामवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि सोमवार को वह अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली अपने मकान के पास खड़ी कर रहा था। इसी दौरान गांव के रहने वाले रिशिपाल और उसके दोनों पुत्रों मोहित व सुमित ने इसका विरोध किया। इन्होंने सुबोध कुमार के साथ गाली-गलौच की। आरोप है कि पिता और दोनों पुत्र हाथों में तमंचे और धारदार हथियार लिए हुए थे। इन्होंने सुबोध पर हमला करने का प्रयास किया। सुबोध ने किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचाई। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र चिराग बाटला उम्र करीब 34 वर्ष, अग्रवाल मार्किट के सामने थाना क्षेत्र सिविल लाईन, जिला–मुजफ्फरनगर से दिनांक 10 जनवरी 2025 को कहीं चला गया है और काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है।

मेरे पुत्र का हुलिया इस प्रकार है–
आँख, कान, नाक औसत रंग गेहुंआ, कद 5 फुट 7 इंच ,उम्र करीब 34 वर्ष है।
पहनावाः– नीले रंग की जीन्स व सफेद कलर की जरकीन पहने हुए है।
अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा चिराग बाटला के बारे में कुछ पता चलता है तो दिये गये नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

जाँच कर्ता– उ0नि0 आरिफ अली (थाना सि0ला0 मु0नगर) मो. 7906671675

प्रभारी निरीक्षक– आशुतोष कुमार (थाना सि0ला0 मु0नगर) मो. 9454404064

प्रमोद कुमार बाटला पुत्र स्व0 श्री लेखराज बाटला
निवासी– गली नम्बर 13, गाँधी कॉलोनी, जिला–मुजफ्फरनगर

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक :- 2360 / सा०प्र० / 2024-25 दिनांकः- 17/02/2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर द्वारा हाईड्रोलिक ट्रॉली एवं सफाई उपकरण सामग्री की आपूर्ति/सप्लाई हेतु अनुभवी फर्म/ठेकेदार/सप्लायर्स/अधिकृत विक्रेता/निर्माता से दरें प्राप्त करने के सम्बन्ध में ई-निविदाएं दिनांक 04/03/2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 18/02/2025 की प्रातः 10:00 से दिनांक 04/03/2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड की जा सकती हैं, साथ ही निविदादाता को इस आशय का घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा कि निविदादाता की फर्म किसी भी विभाग में ब्लैक लिस्ट तो नहीं है, यह स्वघोषणा पत्र अंकन - 10/- रु0 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है। कार्य की धरोहर राशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 आदि के रूप में, जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, मुजफ्फरनगर के नाम बन्धक होगी तथा निविदा मूल्य (जी0एस0टी0 सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगर पालिका परिषद्, मुजफ्फरनगर के पक्ष में जारी करते हुए निविदा खोले जाने से पूर्व मूल प्रति के रूप में कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। अन्य विवरण एवं शर्तें किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय स्वास्थ्य विभाग, नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर में आकर अवलोकन कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 04/03/2025 को सायं 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेंगी तथा निविदा खोले जाने वाली दिनांक को सार्वजनिक अवकाश एवं विषम स्थिति उत्पन्न होने की दशा में निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेंगी। निम्न कार्य 15वें वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत प्रस्तावित है। अधिक जानकारी के लिए ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉगइन कर सकते हैं।

| नगर स्वास्थ्य अधिकारी | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर । | नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर । | नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर । |

## यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से 12 मार्च तक चलेंगी

**लखनऊ, 17 फरवरी (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 24 फरवरी से शुरु होकर 12 मार्च तक चलेंगी। प्रदेश सरकार के नकलविहीन परीक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। इस सिलसिले में सोमवार को सूबे के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की और सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। श्री सिंह ने कहा कि हाईस्कूल और इंटरमीडियेट की परीक्षा कुल 8140 परीक्षा केन्द्रों पर होगी, जिनमें 576 राजकीय, 3446 सहायता प्राप्त व 4118 स्ववित्तपोषित विद्यालय हैं। परीक्षा में हाईस्कूल के 27 लाख 32 हजार 216 एवं इंटरमीडियेट के 27 लाख पांच हजार 17 परीक्षार्थी हिस्सा लेंगे।

## नेपाल के श्रद्धालुओं की कार डिवाइडर से टकराई, तीन की मौत

**आजमगढ़ 17 फरवरी (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के रानी की सराय थाना क्षेत्र में महाकुंभ से वापस आ रहे नेपाल देश के श्रद्धालुओं की एक कार सोमवार सुबह डिवाइडर में टकरा गई। इस हादसे में पति-पत्नी सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सभी हताहत नेपाल देश के रूपम देही जिले के देवदार नगर पालिका के निवासी हैं। यह सभी 15 फरवरी को नेपाल से प्रयागराज में स्नान करने गए थे और स्नान करके आज वापस हो रहे थे कि आजमगढ़-वाराणसी राजमार्ग पर यह हादसा हो गया। मृतकों की पहचान दीपा (35),इनके पति गनेश (45) और गंगा (40) के तौर पर की गयी है। घायलों में ऋतिक दूबे (21) ,कोपिला देवकला देवी (35), अविशंकर (25) और शुभम पोखराल (22) को गोरखपुर मेडिकल कालेज भेजा गया है। प्रथम दृष्टया दुर्घटना का कारण चालक को झपकी आना माना गया है।

## सेवा का संकल्प लेकर महाकुम्भ में जुटे सीआरपीएफ जवान

**महाकुम्भ नगर, 17 फरवरी (वार्ता)।** महाकुम्भ 2025 की भव्यता के बीच केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सेवा के लिए पूरी तत्परता से तैनात है। उनकी सेवा भावना और राष्ट्रप्रेम का अद्वितीय उदाहरण महाकुम्भ में देखने को मिल रहा है। सीआरपीएफ के जवान 24 घंटे घाटों, मेला परिसर और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। आधुनिक तकनीक और सतर्क निगाहों से किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच सीआरपीएफ के जवान मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर रहे हैं। उनका सौम्य व्यवहार और तत्परता श्रद्धालुओं को सहज अनुभव प्रदान कर रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सीआरपीएफ की आपदा प्रबंधन टीम पूरी मुस्तैदी से तैनात है। कुम्भ मेले में गुमशुदा बच्चों और बुजुर्गों को उनके परिजनों से मिलाने में भी सीआरपीएफ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है

## महाकुंभ जा रही बस खड़े ट्रेलर से सीधी टकराई, दो लोग मरे

**महाकुंभनगर,17 फरवरी (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के उतराव थाना क्षेत्र की गौहरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ढाबा के पास रविवार देर रात हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जकि 12 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पडोसी राज्य बिहार के रोहतास जिले से 35 श्रद्धालुओं को लेकर बस प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए आ रही थी। इसी बीच प्रयागराज के उतरांव क्षेत्र के गौहरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर से पीछे से टकरा गयी। इस हादसे में बिहार के नोहटा थाना क्षेत्र के दारा नगर निवासी राम सरोज चौधरी (85) और बैजनाथ पासवान (40) की अस्पताल में मौत हो गयी जबकि 12 से अधिक घायल हैं। उन्होंने बताया कि हादसे का कारण चालक को झपकी आना प्रतीत होता है।

## मंसूरपुर में बिजली के खंभे से टकराई बस, कई गांवों की बिजली गुल

**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर से खतौली जा रही एक प्राइवेट बस के चालक का हाईवे पर अचानक ही बस से नियंत्रण छूट गया और बस हाईवे किनारे खड़े बिजली के एक दो नहीं बल्कि चार खंभों से टकरा गई। इस बस की चपेट में आने से चार विद्युत पोल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने से विद्युत लाइन भी टूट गई, जिस कारण आधा दर्जन के करीब गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप होकर रह गई। देर शाम तक भी विद्युत कर्मचारी लाइन ठीक करने में जुटे हुए थे और ग्रामीण अंधेरे में परेशान थे। गनीमत रही कि हादसे के समय विद्युत लाइन में करंट बंद था, वरना बड़ा भयंकर हादसा हो सकता था। प्राप्त समाचार के अनुसार मंसूरपुर दिल्ली-दून हाईवे पर किसी वाहन को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित हो गई। बस की टक्कर लगने से हाईवे किनारे खड़े चार बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। इससे आधा दर्जन गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पिछले बारह घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित है। गनीमत रही कि हादसे के समय बिजली आपूर्ति बंद थी। सोमवार सुबह पांच बजे मुजफ्फरनगर से खतौली की ओर जा रही प्राइवेट बस में यात्री सवार थे। हाईवे पर मंसूरपुर बस स्टैंड के पास किसी वाहन को बचाने के प्रयास में चालक बस से नियंत्रण खो बैठा। बस अनियंत्रित होकर चार बिजली के खंभों से जा टकराई। टक्कर लगने से खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि उस वक्त बिजली आपूर्ति बंद थी और वहां से कोई व्यक्ति नहीं गुजर रहा था। अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था। इस दौरान बस में सवार यात्री और चालक भी घायल होने से बाल बाल बच गए। इस तरह से हादसा टल गया। खंभे क्षतिग्रस्त होने से गांव मिल मंसूरपुर, नावला, खानूपुर सहित आधा दर्जन गांवों की 12 घंटे से बिजली आपूर्ति बंद थी। बिजली विभाग कर्मचारियों ने बताया कि देर शाम तक विद्युत आपूर्ति सुचारू हो पाएगी।

# जल निगम की लापरवाही पर चेयरपर्सन नाराज, लगाई फटकार

## - लिंक रोड के निरीक्षण में खुली अफसरों की अव्यवस्था की पोल - चेयरपर्सन ने जेई जल निगम को मौके पर बुला, दी हिदायत




**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)।** नगरपालिका परिषद् की चेयरपर्सन ने सोमवार में शहर में सफाई व्यवस्था एवं निर्माण कार्यों का जायजा लेने के लिए औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गांधी कालोनी लिंक रोड पर पालिका ने करीब 55 लाख की लागत से तैयार कराई गई सीसी सड़क और नाला निर्माण कार्य को परखा तो वहां बनाए कूड़ा डलावघर का निरीक्षण करते हुए स्थानीय लोगों से संवाद करके व्यवस्था परखी। इस निरीक्षण के दौरान जल निगम की गंभीर लापरवाही सामने आने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए जल निगम के जेई को मौके पर बुला, जल निकासी अवरुद्ध करने को लेकर हिदायत दी। पालिका परिषद् की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप सोमवार को वार्ड 41 के गांधी कालोनी लिंक रोड पहुंची, जहां उन्होंने नाला-सड़क निर्माण के साथ कूड़ा डलावघर को बंद कराकर वहां कॉम्पैक्टर लगवाए कार्यों का जायजा लिया। यहां पर उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित करते हुए पालिका द्वारा कराए कार्यों की जानकारी ली। लोगों ने सड़क, नाला निर्माण कराने के साथ ही कूड़ा डलावघर को बंद कराने के कार्य को लेकर चेयरपर्सन की सराहना की। लोगों ने बताया कि आगे का बड़ा नाला नहीं बन पा रहा है। कई महीनों से निर्माणाधीन होने से यहां पीछे जलभराव की स्थिति बनी रहती है। इसे लेकर उन्होंने जेई निर्माण कपिल कुमार से जानकारी की तो पता चला कि आगे करीब 200 मीटर तक बड़ा नाला निर्माण कार्य जल निगम की नागर इकाई से कराया जाना है, इसके लिए कई बार पत्राचार कर समय से कार्य पूर्ण करने के लिए कहा, लेकिन कार्य अधर में लटका है। इस पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जल निगम जेई एनके पाल को मौके पर तलब किया और नाला निर्माण कार्य नहीं कराने तथा इसे लेकर जनसमस्या उत्पन्न होने पर सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि नाला निर्माण जल्द नहीं किया तो वो विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर शासन में विभागीय कार्यवाही के लिए शिकायत दर्ज करायेंगी। जल निगम जेई एनके पाल ने आश्वासन दिया कि एक माह में नाला निर्माण कार्य पूर्ण कराकर जल निकासी सुचारू हो जायेगी। वहीं उन्होंने कूड़ा डलाव घर में पोर्टेबल कॉम्पेक्टर शुरू नहीं होने को लेकर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल से जवाब मांगा और जल्द यहां कॉम्पैक्टर शुरू कराने के लिए ठेकेदार को भी मौके पर तलब करते हुए सख्त निर्देश दिये कि यहां वार्डों से आने वाले कूड़े का निस्तारण सीधे कॉम्पेक्टर में होना चाहिए। इस दौरान सभासद हिमांशु पाल, अमित पटपटिया, एई जलकल सुनील कुमार, एनएसए डॉ. अतुल कुमार, जेई निर्माण कपिल कुमार, चीफ सेनेट्री इंस्पेक्टर योगेश गोलियान के अलावा अन्य मौजूद रहे।



1973-2025

**सम्पादक की क़लम से**

## दिल्ली भूकंप और भूगर्भशास्त्री

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के आसपास कल सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूगर्भशास्त्रियों ने इसे लेकर चिन्ता व्यक्त की है। सुबह करीब 5.36 बजे आए भूकंप के झटकों ने लोगों में दहशत पैदा कर दी। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी गई, लेकिन जिस तरह के झटके दर्ज किए गए, उनका असर काफी तेज था। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने एक्स पर लिखा कि भूकंप का केंद्र दिल्ली में जमीन से 5 किलोमीटर की गहराई में था। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के निदेशक ने बताया है कि भूकंप का केंद्र दिल्ली के धौलाकुआं का झील पार्क इलाका था और 1990 से उस इलाके में भूकंप के झटके आते हैं। इसको लेकर घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि ये भूकंप प्लेटों के टकराने से नहीं बल्कि स्थानीय आंतरिक हलचल के कारण हुआ है। भूगर्भशास्त्रियों ने भारत के करीब 59 प्रतिशत भू-भाग को भूकंप संभावित क्षेत्र के रूप में वर्गित किया है। दुनिया के दूसरे देशों की तरह ही भारत में ऐसे जोन रेखांकित किए गए हैं, जिनसे पता चलता है कि किस हिस्से में सीस्मिक गतिविधि अर्थात पृथ्वी के भीतर की परतों में होने वाली भौगोलिक हलचल,ज्यादा रहती हैं और किन हिस्सों में कम। भूगर्भशास्त्रियों ने भूकंप संभावित क्षेत्रों के चार-पाँच सीस्मिक जोन बना कर उन्हें चिह्नित किया है। जोन-1 में भूकंप आने की आशंका सबसे कम रहती है, वहीं जोन-5 में अधिक प्रबल रहती है। दिल्ली-एनसीआर का इलाका सीस्मिक जोन-4 में आता है और यही वजह है कि उत्तर-भारत के इस क्षेत्र में सीस्मिक गतिविधियाँ तेज रहती हैं। भूगर्भशास्त्री,सीस्मिक जोन-4 में आने वाले भारत के सभी बड़े शहरों की तुलना में दिल्ली में भूकंप की आशंका अधिक बताते हैं। मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु जैसे शहर सिस्मिक जोन-3 की श्रेणी में आते हैं। भूगर्भशास्त्री कहते हैं कि दिल्ली की दुविधा यह भी है कि वह हिमालय के निकट है, जो भारत और यूरेशिया जैसी टेक्टॉनिक प्लेटों के मिलने से बना था और इसे धरती के भीतर की प्लेटों में होने वाली हलचल का खमियाजा भुगतना पड़ सकता है। दिल्ली में भूकंप के साथ-साथ कमजोर इमारतों से भी खतरा है। एक अनुमान के मुताबिक दिल्ली की 70-80 प्रतिशत इमारतें भूकंप का औसत से बड़ा झटका झेलने के लिहाज से डिजाइन ही नहीं की गई हैं। पिछले कई दशकों के दौरान यमुना नदी के पूर्वी और पश्चिमी तट पर बढ़ती गईं इमारतें खासतौर पर बहुत ज्यादा चिंता की बात है, क्योंकि अधिकांश के बनने के पहले मिट्टी की पकड़ की जांच नहीं हुई है। भारत के सुप्रीम कोर्ट ने कुछ समय पहले आदेश दिया था कि ऐसी सभी इमारतें जिनमें 100 या उससे अधिक लोग रहते हैं, उनके ऊपर भूकंप रहित होने वाली किसी एक श्रेणी का साफ उल्लेख होना चाहिए। फि लहाल तो ऐसा कुछ देखने को नहीं मिलता। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र की एक बड़ी समस्या घनी आबादी भी है। डेढ़ करोड़ से अधिक आबादी वाली राजधानी दिल्ली में लाखों इमारतें दशकों पुरानी हैं और तमाम मौहल्ले एक दूसरे से सटे हुए बने हैं। भूगर्भशास्त्रियों के अनुसार, दिल्ली और उत्तर भारत में छोटे-मोटे झटके या आफ्टरशॉक्स तो आते ही रहेंगे, लेकिन जो बड़ा भूकंप होता है, उसकी वापसी 500 वर्ष में जरूर होती है और इसीलिए ये चिंता का विषय भी है। वैसे भी दिल्ली से थोड़ी दूर स्थित पानीपत इलाके के पास भूगर्भ में फॉल्ट लाइन मौजूद है, जिसके चलते भूकंप की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता। वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन टेक्नोलॉजी के प्रमुख भूगर्भशास्त्री मानते हैं कि किसी बड़े भूकंप के समय, स्थान और रिक्टर पैमाने पर तीव्रता की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सीस्मिक गतिविधियाँ सिलसिलेवार रही हैं और वे किसी बड़े भूकंप की भी वजह हो सकती हैं। भूकंप के झटकों के बाद प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से सावधान रहने का भी आग्रह किया। पीएम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। सभी से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने और संभावित ऑफ्टरशॉक के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया जाता है। अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। भूकंप के बाद अक्सर कई झटके आते हैं, जो घंटों या कई दिनों तक जारी रहते हैं। ये झटके भूकंप के कारण हुई क्षति में और बढ़ोतरी करते हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, ऑफ्टरशॉक भूकंप ही की एक कड़ी होते हैं, जो किसी फॉल्ट पर एक बड़े भूकंप के बाद आते हैं। झटके फाल्टलाइन के पास आते हैं, जहां चट्टानों के बीच छिद्र होता है। हालांकि, झटके मुख्य भूकंप की तुलना में कमजोर होते हैं, लेकिन ये व्यापक नुकसान पहुंचा सकते हैं। कई बार जब मुख्य भूकंप की तीव्रता ज्यादा होती है, तो उसके ऑफ्टरशॉक्स भी तेज रहते हैं और यह झटके राहत और बचाव कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं। कभी-कभी तो बचावकर्मी भी इसकी चपेट में आ जाते हैं। इन ऑफ्टरशॉक्स के आने की समयावधि तय नहीं होती। कई बार यह कुछ दिनों से लेकर कुछ महीनों तक क्षेत्र को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि, तेज भूकंप की स्थिति में 24 से 48 घंटे के अंदर आने वाले ऑफ्टरशॉक्स सबसे खतरनाक माने जाते हैं। बड़े भूकंप की रेंज 250-350 किलोमीटर तक हो सकती है। 2001 में गुजरात के भुज में आए भूकंप ने करीब 300 किलोमीटर दूर स्थित अहमदाबाद में भी बड़े पैमाने पर तबाही मचाई थी। अगर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पिछले 300 वर्षों के भूकंप इतिहास को टटोला जाए, तो सबसे ज्यादा तबाही मचाने वाला भूकंप 15 जुलाई, 1720 का बताया जाता है। 1999 में चमोली में आए भूकंप उत्तर भारत में बड़े कहे जाएँगे और इनका कोई न कोई जुड़ाव पृथ्वी के नीचे वाली गतिविधियों से रहा है, जो एक ही समय पर दिल्ली-एनसीआर में भी महसूस की गई हैं। अगर लातूर में आ चुके भूकंप को ध्यान में रखा जाए, तो निश्चित तौर पर दिल्ली में कई भवन असुरक्षित हैं, लेकिन बहुत सी जगह सुरक्षित भी हैं। सबसे अहम है कि हर नागरिक ऐसे खतरे को लेकर सजग रहे और सरकारें प्रयास करें कि नियमों का उल्लंघन कतई न हो। भूगर्भशास्त्रीयों का मानना है कि दिल्ली में हजारों ऐसी इमारतें हैं, जिनमें रेट्रोफिटिंग यानी भूकंप निरोधी मरम्मत की सख़्त जरूरत है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"पहचान" "आसान" "मदद" "दान"

जाहिलों की दोस्तो पहचान करना सीखिये,<br>
मुश्किलों में जिन्दगी आसान करना सीखिये।<br>
कारोबारी नकली कवियों की मदद हरगिज नहीं,<br>
बस जरूरत मन्द ही को दान करना सीखिये।

## 5वें दिन भी कामबंद हड़ताल पर रहे



**बुढ़ाना, 17 फरवरी (बु.)।** आज सोमवार को पांचवें दिन भी बुढ़ाना नगर पंचायत कार्यालय पर दर्जनों सफाई कर्मचारी कामबंद हड़ताल पर रहे। सफाई कर्मचारियों के नेता लक्ष्मण चौहान ने बताया कि जब तक हमारी मांगों को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा माना नहीं जाता, तब तक वे अपनी कामबंद हड़ताल जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा लगता है कि बाबा साहब और उनके संविधान के बगैर हमें न्याय नहीं मिल सकता। संविधान अगर जिंदा है तो हमें आशा है, शासन-प्रशासन से कि हमें न्याय और हमें हमारे हक अधिकार जरूर मिलेंगे। जिन लोगों को यह विश्वास है कि संविधान अभी जिंदा है, वही लोग इस संघर्ष और आंदोलन में हमारे साथ आएंगे। सफाई कर्मचारियों की मांग है कि ठेका सफाई कर्मचारियों को शासनादेश अनुसार 21 हजार रुपये प्रतिमाह की दर से दिए जाए और संविदा सफाई कर्मचारियों को रीड बैक से सात लाख रुपये का लोन दिये जाने सहित अन्य कई और मांगे हैं, जिनको लेकर सफाई कर्मचारी पिछले 5 दिनों से बुढ़ाना नगर पंचायत कार्यालय में धरना दिए हुए हैं और साफ-सफाई का कार्य ठप्प किए हुए हैं। धरने पर दर्जनों सफाईकर्मी मौजूद थे।

## क्रीड़ा प्रतियोगिता में पसीना बहा दिखाया दम, जीते खिताब



**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)।** जनपद के पीएम श्री विद्यालय के रूप में चयनित 25 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सोमवार को स्पोर्टर्स स्टेडियम में संपन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान, डीडीओ मत्स्यनाथ त्रिवेदी, क्रीड़ा अधिकारी भूपेन्द्र यादव, बीएसए संदीप कुमार ने झंडारोहण एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालयों के छात्र-छात्राओ द्वारा बैंड की धुन पर मार्च पास्ट किया, जिसमें मौजूद अथितियों द्वारा मार्च पास्ट की सलामी ली गयी। चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित की क्रीड़ा प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक स्तर की सभी बालक व बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालयों का नाम रोशन करने के साथ सफलता का परचम भी फहराया। इस दौरान लंबी कूद, विभिन्न किमी दौड़ प्रतियोगिताओं के साथ ही खो-खो, वॉली-वॉल आदि क्रीड़ा प्रतियोगता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, बीएसए संदीप कुमार, बीडीओ खतौली पंकज अग्रवाल, जिला समन्वयक सुशील कुमार द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। क्रीड़ा प्रतियोगिता में समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों के अलावा राजेन्द्र शर्मा पटल सहायक, राकेश राठी व्यायाम शिक्षक, सुकेश कुमार, विनीत कुमार, सुरेन्द्र सिंह, कपिल कुमार, रामेन्द्र सिंह, अर्पित कुमार, बलराम सिंह, विकास कुमार, कुलदीप राठी, शोवेन्द्र सिंह व कार्यालय के कर्मियों का सहयोग रहा। प्रतियोगिता के अंत में बीएसए संदीप कुमार ने क्रीड़ा प्रतियोगिता में सहयोग प्रदान करने वाले अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद प्रदान करते हुए क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन किया।

## डीएम की अध्यक्षता में परिषदीय परीक्षा वर्ष 2025 की तैयारी के संबंध में जिला पंचायत सभागार में बैठक हुई संपन्न

### - सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल रहेगा तैनात, सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी परीक्षा केंद्रों के निगरानी



**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बुस.)।** आज जिला पंचायत सभागार में डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में परिषदीय परीक्षा वर्ष 2025 की तैयारी के संबंध में समस्त केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, एवं जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक संपन्न हुई। डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि परीक्षाओं को नकल विहीन शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराना हम सब का दायित्व है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना होने पाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए अधिकारीगण यह भी सुनिश्चित कर ले कि परीक्षा केंद्रों का परीक्षा होने से पूर्व निरीक्षण कर लें, कि परीक्षा की पूर्ण तैयारी हो गई है, उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा, फर्नीचर, पानी, बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्था पूर्ण हो, यदि कहीं कोई समस्या है तो उसका समय से निराकरण करा लें। उन्होंने निर्देश दिए की परीक्षाओं के संबंध में शासन से जो दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं, उसको अच्छे से पढ़ लें और समझ ले कहीं पर किसी प्रकार की कोई चूक न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान रखा जाए। परीक्षा केंद्रों पर जाने वाले रास्तों का भी निरीक्षण कर ले। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में मोबाइल अथवा इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण परीक्षा ड्यूटी में लगे हैं। वह बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्विघ्न, नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 दिनांक 24 फरवरी 2025 से 12 मार्च 2025 के मध्य आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली प्रातः 08:30 से 11:45 तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 02:00 बजे से 05:15 तक होगी। जनपद में बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 हेतु कुल 72 परीक्षा केन्द्र ऑनलाइन निर्धारित किये गये हैं।

72 परीक्षा केन्द्रों में 04 राजकीय, 58 अशासकीय 10 वित्त विहीन माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया। वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल के 29574 तथा इण्टरमीडिएट के 28147 परीक्षार्थियों कुल 57721 परीक्षार्थियों के द्वारा परीक्षा में प्रतिभाग किया जाएगा। परीक्षाओं में यदि किसी भी प्रकार की कोई समस्या है, तो उच्च अधिकारियों एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को अवगत कराया जाए, जिन अधिकारीगणों की परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी लगाई गई है, वह समय से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। बैठक में समस्त केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## सड़क का सांसद ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर से समाजवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र मलिक ने चरथावल से सपा विधायक पंकज मलिक के द्वारा लोक निर्माण विभाग से स्वीकृत कराई गई सड़क का शुभारंभ किया है। गौरतलब है कि चरथावल विधानसभा क्षेत्र के गांव सुजडू जोकि अब नगर पालिका का हिस्सा बन गया है, कि उस सड़क जो गांव से शुरू होकर वहलना बाईपास तक जाने वाली सड़क जर्जर अवस्था में थी। समाजवादी पार्टी के चरथावल विधानसभा सीट से विधायक पंकज मलिक ने अपनी विधानसभा इलाके की इस सड़क को लोक निर्माण विभाग से स्वीकृत करा दिया था। आज इस सड़क के बनने का शुभारंभ समाजवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र मलिक ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। इस दौरान हरेंद्र मलिक ने कहा कि सुजडू गांव ने विधायक पंकज मलिक और खुद उन्हें मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से चुनाव जिताने में अपनी अहम भूमिका निभाई है, तो हम दोनों की जिम्मेदारी है कि इस गांव का सर्वांगीण विकास कर सके। इस दौरान ग्रामीणों ने सांसद हरेंद्र मलिक के सामने इस सड़क के चौड़ीकरण की भी मांग रखी, जिस पर सांसद हरेंद्र मलिक ने इस सड़क के चौड़ीकरण का भरोसा भी दिया है। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जिया चौधरी, वार्ड सभासद पति हसीब राना, सभासद शहजाद चीकू वाले, सभासद नौशाद पहलवान, अमीर कासिम एडवोकेट, मारूफ राना, नदीम राना आदि मौजूद रहे।



## एसडी कॉलेज में इंडस्ट्रीयल एकेडमी पर कार्यशाला आयोजित

**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)।** सनातन धर्म महाविद्यालय के इंडस्ट्रीयल एकेडमी इंटीग्रेशन एंड स्किल डेवलपमेंट सेल के तहत आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुंडीर ने किया। कार्यक्रम के आयोजक प्राणी विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. पीयूष शर्मा व भूगोल विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ. निशा चौहान ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में मुख्य आमंत्रित अतिथि डॉ. रवींद्र कुमार सैनी और डॉ. अखिलेश रहे। उन्होंने लाइफ स्किल्स प्रॉब्लम इन लाइफ एंड सोल्यूशंस पर व्याख्यान दिया। डॉ. रवींद्र ने लाइफ स्किल्स किस तरह हमारी रोजमर्रा की ज़िंदगी में प्रभाव डाल रही है उसे विस्तार से विद्यार्थियों को समझाया और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया। डॉ. पीयूष ने विद्यार्थियों को समय के सदुपयोग करने और कम्युनिकेशन स्किल्स के महत्व को समझने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में प्रो. अलका बंसल, प्रो. विजय लक्ष्मी, डॉ. सरिता ढाका, डॉ. आशना गुप्ता, डॉ. खुशबू यादव, डॉ. निकिता, डॉ. शालिनी कुशवाह, डॉ. मानविंद्र सिंह, डॉ. ध्रुव गुप्ता, डॉ. अंशुल शर्मा, डॉ. मदनपाल, डॉ. नौशीन, डॉ.भूपेश आदि शिक्षक, बीएससी और एमएससी जुलॉजी के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## पानी के ओवरहेड टैंक से कूदकर व्यापारी ने जान दी

**मेरठ, 17 फरवरी (एजेंसी)।** मवाना की आकांक्षा कालोनी में रविवार को पानी के ओवरहेड टैंक से कूदकर व्यापारी निपुण रस्तोगी (26) ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन आत्महत्या करने का कारण नहीं बता रहे हैं। आकांक्षा कालोनी निवासी नृपेंद्र कुमार रस्तोगी ने बताया कि वह इंटर कालेज से प्रवक्ता पद से सेवानिवृत्त हैं। उनके बेटे निपुण रस्तोगी की गुड़ मंडी में कृष्णा एंपोरियम गिफ्ट के नाम से दुकान है। निपुण ने रविवार तड़के 3:30 बजे के आसपास कालोनी में स्थित पानी के ओवरहेड टैंक से कूदकर जान दे दी। वह अविवाहित था। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। सीओ अभिषेक पटेल ने बताया कि निपुण ने आत्महत्या की है। उसके छोटे भाई की करीब छह साल पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। परिजन अभी आत्महत्या का कारण नहीं बता रहे हैं। पुलिस जांच कर रही है।

## हर्ष मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

### - 30 मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन सफल



**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बुस.)।** हर्ष मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, निकट महावीर चौक में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ईशा गुप्ता द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 145 मरीजों की जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। इनमें से 30 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। आयुष्मान कार्ड धारकों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गईं। शिविर में कई मरीज डायबिटीज और हाई/लो ब्लड प्रेशर से ग्रसित पाए गए, जिनके लिए नियंत्रण के उपाय और उपचार सुझाए गए। उन्हें बाद में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन का आश्वासन भी दिया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. ईशा गुप्ता को ग्रेनाडा में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए वहां की चांसलर डॉ. मोहितप्रीत कौर द्वारा आमंत्रित किया गया है, जो जनपद के लिए गर्व की बात है।

## डीएस पब्लिक स्कूल की वंशिका पंवार का हुआ नेशनल ग्रेपलिंग चैंपियनशिप के लिए चयन



**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)।** डीएस पब्लिक स्कूल की होनहार छात्रा वंशिका पंवार ने स्टेट ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में 52 से 56 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में क्वालीफाई किया। बागपत में 20 एवं 21 दिसंबर को आयोजित इस स्टेट लेवल ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में वंशिका ने ट्रायल एवं फाइनल राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने दोनों मैच 6-0 से जीतने के साथ नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। वंशिका ने बताया कि नेशनल ग्रेपलिंग चैंपियनशिप का आयोजन उड़ीसा के जगन्नाथपुरी में मार्च के माह में किया जाएगा। ग्रामीण अंचल से जुड़ी पीनना गांव की निवासी वंशिका ग्रेपलिंग के साथ जूडो की भी खिलाड़ी है। वंशिका ने हाल में अंडर 22 वर्ग जूनियर जिला जूडो टूर्नामेंट में गोल्ड जीतकर नॉर्थ जोन के लिए क्वालीफाई किया। वंशिका नॉर्थ जोन के लिए चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ में कल से होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही है। वंशिका के साथ ही उसके दो छोटे भाई अर्णव चौधरी एवं विवान चौधरी जूडो खिलाड़ी हैं । विवान एवं अर्णव भी जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित सब जूनियर जिला जूडो टूर्नामेंट में अंडर-15 में रजत पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। विद्यालय में एजुकेशन डायरेक्टर संतोषजैन, प्रधानाचार्य गगन शर्मा सहित सभी शिक्षकों ने वंशिका, विवान व अर्पण की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए तीनों बच्चों को उनकी सफलता की बधाई दी।

## भाकियू-अ कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा 4 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन




**बुढ़ाना, 17 फरवरी (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष पहलवान सुधीर पंवार के नेतृत्व में सोमवार को तहसील में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के द्वारा बुढ़ाना एसडीएम राजकुमार भारती और बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह को 4 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें कहा गया कि मिल का बकाया गन्ना भुगतान जल्द से जल्द दिलाया जाए और गन्ने का रेट 2025 में बढ़ाया जाना था, जो अभी तक नहीं बढ़ाया गया है, जिसे जल्द से जल्द बढ़ाया जाए। बिजली विभाग द्वारा विद्युत बिलों में बहुत धांधली हो रही है। जिस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन देने वालों में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक बुढ़ाना के ब्लॉक प्रभारी प्रवीन पंवार, नगर अध्यक्ष बुढ़ाना मुकेश सूबेदार भार्गव, अमित ठाकुर राजपुर, मुन्ना जौला, अशोक कुतुबपुर दताना, बिजेन्द्र बालियान, जाकिर राणा, महावीर सिंह व सलीम ग्राम अध्यक्ष रियावली नंगला सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## अवैध तमंचे के साथ एक गिरफ़्तार

**मीरापुर, 17 फरवरी (बु.)।** मीरापुर पुलिस ने कुतुबपुर-कासमपुर तिराहे के निकट से सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव निराना निवासी जुल्लू उर्फ जुल्फकार पुत्र नूरहसन को एक अवैध 315 बोर के तमंचे व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ़्तार किया है। इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश बेहद शातिर है तथा इस पर एक दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से ई-रिक्शा सवार वृद्ध घायल

**मीरापुर, 17 फरवरी (बु.)।** सोमवार की सुबह भूम्मा की ओर से गन्ना लेकर आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने भूम्मा अड्डे के निकट ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इससे ई रिक्शा में सवार वृद्ध घायल हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर पुलिस चौकी पर खड़ा करा दिया। गांव हाशमपुर निवासी खलील सुबह करीब 11 बजे ई-रिक्शा में बैठकर मीरापुर आया था। इस दौरान भूम्मा की ओर से तेज गति से ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना लेकर आ रहे युवक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इससे खलील नीचे गिर गया तथा उसके पैर की हड्डी टूट गई। इस दौरान मौके पर भीड़ जमा हो गई तथा आरोपी चालक ट्रैक्टर मौके पर छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुँची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए भिजवाया।

## आज 06 गांवों की विद्युत आपूर्ति रहेगी ठप्प




**बुढ़ाना, 17 फरवरी (बु.)।** स्थानीय विद्युत विभाग के एक्सईएन अजीत कुमार यादव के निर्देश पर फुगाना विद्युत के जेई कृष्णा ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 18 फरवरी को मंगलवार के दिन 33/11 केवी उप केन्द्र जौला विद्युतग्रह से संबंधित 06 गांवों जिनमें गांव जौला, गांव जोगियाखेड़ा, गांव विज्ञाना, गांव फतेहपुर नीमखेड़ी, गांव लोई और गांव सराय की वीसीबी बदले जाने के कारण सुबह 09 बजे से लेकर शाम 05 बजे तक लगातार 08 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसलिए सभी उपभोक्ता सुबह 09 बजे से पहले के बिजली संबंधी अपने सभी कार्यों को निपटा लें।

|| शांति सभा ||



स्व0 श्री महेंद्र कुमार गुप्ता जी 18/08/1944-13/02/2025

अत्यंत दुख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री महेंद्र कुमार गुप्ता जी का स्वर्गवास दिनांक 13/02/2025, दिन- बृहस्पतिवार को हो गया था।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
इनकी रस्म पगड़ी, दिनांक 24/02/2025, दिन- सोमवार को होनी निश्चित हुई है। अतः आपसे निवेदन है कि दिवंगत आत्मा की शांति हेतु आयोजित ईश्वर की प्रार्थना सभा में सम्मिलित होने की कृपा करें।

हवन - 10 बजे | ब्रह्म भोज- दोपहर 12 बजे | रस्म पगड़ी- 2 से 3 बजे तक

स्थान- दर्पण बैंक्विट हॉल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार :-
मधु गुप्ता (धर्मपत्नी) — सुरेंद्र गुप्ता,-उर्मिला गुप्ता (भाई-भाभी)
संदीप गुप्ता (पुत्र) — ऋषभ गुप्ता (भतीजा)
पुनीत गुप्ता- सुरभि गुप्ता (पुत्र- पुत्रवधू) — ऋचा बंसल- ललित बंसल (पुत्री-दामाद)
रिआन गुप्ता, आस्या गुप्ता (पौत्र-पौत्री) — आना बंसल, अभी बंसल (धेवती, धेवता)

निवास:-58 जी, द्वारिकासिटी, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
M. 8057431044, 8080570424

## भगदड़ के बाद नई दिल्ली स्टेशन पर काउंटर प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री बंद

**नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसी)।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री बंद कर दी गई है। रेलवे स्टेशन प्रशासन की तरफ से कहा गया है कि स्टेशन पर काउंटर प्लेटफॉर्म टिकट जारी नहीं किए जाएंगे। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के बाद बढ़ती भीड़ के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक अगले एक सप्ताह के लिए प्लेटफार्म टिकट की बिक्री बंद करने का निर्णय लिया गया है। 26 फरवरी तक स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री नहीं की जाएगी। इससे पहले शनिवार को महाकुंभ जाने के लिए स्टेशन पर उमड़ी भीड़ की वजह से भगदड़ मच गई थी। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई थी। खबर है कि प्रयागराज में कुंभ मेले के लिए लोगों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। ऐसे में नई दिल्ली स्टेशन पर अब सिर्फ रिजर्व टिकट वालों को ही एंट्री दी जाएगी। रेलवे के अधिकारी ने बताया कि हमने अवरोधक लगाए हैं, गश्त बढ़ा दी है। ऐसी किसी भी घटना को रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई दल तैनात कर दिए हैं। सीसीटीवी से भी निगरानी की जा रही है और नियंत्रण कक्ष भीड़ को नियंत्रित करने के लिए फुटेज पर लगातार नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों के मार्गदर्शन और अफरा तफरी की स्थिति से बचने के लिए घोषणाएं की जा रही हैं।

## प्रेमी ने शादीशुदा प्रेमिका की कर दी हत्या, घरवालों ने पीटकर मार डाला

**बांदा, 17 फरवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में प्यार में धोखा मिलने से नाराज प्रेमी ने घर में घुसकर प्रेमिका की चाकू मारकर हत्या कर दी। चीख-पुकार सुनकर प्रेमिका के घरवालों ने आरोपी प्रेमी को लाठियों से पीट-पीट कर मार डाला। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पैलानी थाना के ग्राम महाबरा में प्यार में धोखा मिलने से नाराज पड़ोसी गांव सबादा के 28 वर्षीय प्रेमी राहुल बाल्मीकि ने सोमवार तड़के तीन बजे घर में घुसकर अपनी 23 वर्षीय प्रेमिका जाकरीन पत्नी इरफान की पेट में चाकू घोंपकर हत्या कर दी। हत्यारोपित ने पहले गला रेतने का भी प्रयास किया। इस बीच चीख-पुकार सुनकर प्रेमिका के स्वजन ने प्रेमी को लाठी डंडों से पीट-पीट कर मरणासन कर दिया। उसका पैर तोड़ दिया। पुलिस प्रेमिका व घायल प्रेमी को जिला अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने प्रेमिका को मृत घोषित किया। वहीं, उपचार के दौरान प्रेमी की भी कुछ देर बाद मौत हो गई है। प्रेमिका के स्वजन व पुलिस ने बताया कि दिसबंर माह में जाकरिन की शादी शहर के परशुराम तालाब मोहल्ले में हुई थी। घटना के एक दिन पहले रविवार को वह ससुराल से अपने मायके महाबरा गांव आई थी। जहां घर में घुसकर प्रेमी ने वारदात को अंजाम दिया है। एएसपी शिवराज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अभी दोनों के स्वजन की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। प्रेमिका के पेट में चाकू मारी गई है। युवती के पिता व भाई कैफ मुंबई में रहकर कमाते हैं। उन्हें घटना की सूचना दी गई है। युवती के पति का भी मुंबई में होना बताया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## मुरादाबाद में खड़ी डीसीएम में घुसी बाइक, तीन छात्रों की मौके पर मौत

**मुरादाबाद, 17 फरवरी (एजेंसी)।** सोमवार को दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर पाकबड़ा थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसे में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी के तीन छात्रों की मौत हो गई। तीनों छात्र रोज की तरह यूनिवर्सिटी से अपने घर लौट रहे थे, तभी लौधीपुर राजपूत के पास सड़क किनारे खड़ी एक डीसीएम से उनकी बाइक टकरा गई। तेज रफ्तार होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर पीछे से डीसीएम में घुस गई, जिससे तीनों छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हाईवे पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्रों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में जान गंवाने वाले छात्र जिला अमरोहा के डिडौली थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर कला के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान अमित कुमार (22) पुत्र दिनेश कुमार, शोभित (20) पुत्र प्रमोद और शिवा (21) पुत्र वीरेंद्र के रूप में हुई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अमरोहा जिले के डिडौली थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर कला निवासी तीनों युवक रोज की तरह अपनी स्प्लेंडर बाइक से आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में बीएससी फर्स्ट ईयर की कक्षाएं अटेंड करने के बाद घर लौट रहे थे। जब वे पाकबड़ा थाना क्षेत्र के लौधीपुर राजपूत पहुंचे, तो उनकी तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़ी डीसीएम से जा टकराई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि तीनों छात्रों के सिर में गंभीर चोटें आईं, क्योंकि उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनोद कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों छात्रों को निजी अस्पताल ल्ट्व ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तीन छात्रों की मौत की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त हुई बाइक और डीसीएम को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## उत्तर प्रदेश विधानसभा के मुख्य द्वार का सीएम योगी ने किया उद्घाटन

**लखनऊ, 17 फरवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानभवन के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधानसभा परिसर में विभिन्न भित्तिचित्रों का अनावरण भी किया गया। विधानसभा को हाईटेक और अधिक कलात्मक बनाने के क्रम में इस कार्य को पूरा किया गया



है। नव निर्मित भित्तिचित्रों में भारत की ऐतिहासिक घटनाओं और राजनीतिक व्यवस्था को उकेरा गया है। इनमें गीता के विभिन्न प्रसंग भी दर्शाए गए हैं, जिससे विधानसभा भवन अब और भी अधिक भव्य और आकर्षक दिखने लगा है। पहले लकड़ी का गेट हुआ करता था, जिसे अब अत्याधुनिक और नक्काशीदार स्टील के मजबूत गेट से बदल दिया गया है। विधानसभा के सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। विधानसभा को तकनीकी रूप से उन्नत करने के साथ-साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय और कांग्रेस नेता अराधना मिश्रा 'मोना' उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद सर्वदलीय बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के प्रमुख नेता शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री के नाम एडीएम को सौंपा 8 सूत्रीय मांग पत्र





## वेस्ट यूपी के हजारों किसानों ने महापंचायत में किया प्रतिभाग

**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)।** सोमवार को भाकियू के बैनर तले नवीन मंडी में आयोजित  किसान व मजदूर महापंचायत में लंबे अंतराल के बाद हजारों की संख्या में मुजफ्फरनगर जनपद के अलावा पड़ोसी जनपद शामली, बागपत, बिजनौर, सहारनपुर, बुलंदशहर, मेरठ एवं गाजियाबाद जिलों के किसान शामिल हुए। भाकियू की इस महापंचायत में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले भाकियू नेताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित आठ सूत्रीय प्रस्ताव एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह को सौंपा। भाकियू के इस मांग पत्र में भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव चौ. युद्धवीर सिंह ने यूपी में गन्ना पेराई सत्र समाप्ति की ओर बढ़ते कदमों के बीच इस बार 500 रुपये कुंतल गन्ना मूल्य, किसानों की व्यापक ऋण माफी, एमएसपी गारंटी कानून/सीटू-50, एनजीटी व जीएसटी मुक्त खेती, बिजली निजीकरण पर रोक के साथ जेनेटिकली मोडिफाइड बीज पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही 8 सूत्रीय मांग पत्र में सही निर्णय नहीं लेने पर सरकार के विरोध में दस जगहों पर महापंचायत करने का ऐलान किया। महापंचायत में मुख्य रूप से संयुक्त किसान मोर्चा के तमाम पदाधिकारियों में रमनिन्दर सिंह पटियाला पंजाब, रतन सिंह मान अध्यक्ष हरियाणा बीकेयू, बाबा श्याम सिंह थांबा बहावड़ी, शौकिंद्र सिंह बतीसा खाप सहित किसान नेताओं व खाप चौधरियों ने महापंचायत को संबोधित किया। इस दौरान भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा, प्रदेश महासचिव योगेश शर्मा, ओमपाल सिंह मलिक, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज पहलवान, धीरज लाटियान, वेस्ट यूपी अध्यक्ष पवन खटाना, जिलाध्यक्ष नवीन राठी, जिलाध्यक्ष हरिद्वार विजय शास्त्री, जोनल अध्यक्ष एनसीआर विकास शर्मा, पुरकाजी चेयरमैन एवं प्रदेश महासचिव जहीर फारूकी, प्रमोद अहलावत मंडल उपाध्यक्ष, एनसीआर के प्रभारी कपिल सोम, मीडिया प्रभारी शक्ति सिंह, अशोक घटायन, शाहिद आलम, हवा सिंह, गुनबहार राव, कपिल घटायन सहित हजारों कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।

## ट्रैक्टरों से अधिक लग्जरी गाड़ी से महापंचायत पहुंचे किसान

**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)।** किसानों की आवाज को बुलंद करने के जोश के साथ नवीन मंडी स्थल पर सोमवार को आयोजित महापंचायत अलग ही अंदाज में दिखाई दी। पंचायत में जहां इस बार ट्रैक्टरों के बूते आंदोलन में आने वाले किसानों को लग्जरी गाड़ियों से आते देखा गया। व्यापारियों के बीच संपन्न हुई इस महापंचायत में ट्रैक्टरों से अधिक लग्जरी गाड़ियों के साथ बड़ी संख्या में गाड़ियां देखी गई। कहना गलत न होगा कि भाकियू की महापंचायत ने जिले में किसानों के आंदोलन की दिशा और दशा बदलने के साथ अपने विरोध दर्ज कराने का तरीका भी बदल दिया, जिसकी नवीन मंडी से शहर के तमाम कोनों में दिन भर चर्चा होती रही।









## खूब बंटा कढ़ी-चावल, आलू-पूरी और हलवे का प्रसाद



**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)।** किसानों की नवीन मंडी स्थल पर सोमवार को हुई महापंचायत में दूरदराज से आए बड़ी संख्या में किसानों के साथ मंडी में कार्यरत मजदूरों ने भोजन प्रसाद  का स्वाद लिया। सुबह 11 बजे से शुरू हुई भाकियू की रसोई सायं 4 बजे तक चलती रही। इस दौरान महापंचायत में शामिल होने आए किसानों के लिए भाकियू के विभिन्न पदाधिकारियों की ओर से कढ़ी-चावल, दाल-चावल के साथ आलू-पूरी, हलवा-पराठा, ताहरी और खीर के प्रसाद के रूप में किसान संगठन के पदाधिकारी लोगों को भोजन परोसने में लगे रहे।

# टैक्स समिति ने सुनी पालिका मार्किट व्यापारियों की आपत्ति

**व्यापारियों ने कई प्रस्तावों पर दर्ज की आपत्ति, राहत की मांग ▶ अब 19 फरवरी को होगी टैक्स समिति की अगली बैठक**

**मुजफ्फरनगर, 17 फरवरी (बु.)।** नगरपालिका परिषद् की शहरी क्षेत्र में स्थित 17 मार्किट की 509 दुकानों के किरायेदार व्यापारियों और 173 क्वार्टरों में निवास करने वाले किरायेदारों पर अब नया किराया और प्रीमियम निर्धारण करते हुए वर्षों से लंबित मामलों का निस्तारण करने को लाई नियमावली को लागू कराने के लिए गठित टैक्स समिति ने आपत्तियों पर सुनवाई शुरू कर दी। सोमवार को पहली बैठक में व्यापारी पालिका के टैक्स विभाग द्वारा नई नियमावली में लाये गये कई प्रस्तावों का विरोध करते हुए अपनी असहमति व्यक्त की गई। मार्किट व्यापारियों की आपत्तियों व सुझावों पर सुनवाई के लिए अब समिति ने अगली तारीख 19 फरवरी तय की है।  नगर पालिका प्रशासन की मार्किट के किरायेदार व्यापारियों के साथ ही उनके क्वार्टरों में रह रहे परिवारों के किराया व नामांतरण से जुड़े मामले दशकों से लंबित हैं। कुछ मामलों में तो नगरपालिका को कोर्ट की कार्यवाही का सामना करना पड़ रहा है। बीते बोर्ड में समस्या का हल तलाशने के प्रयास किए गए, लेकिन विरोध के कारण वे अधर में लटक गए। अब चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने पालिका की आय को बढ़ाने और व्यापारी हितों को देखते हुए इन प्रकरणों के निस्तारण को नई नियमावली से समाधान की पहल की। पालिका की अक्टूबर 2024 को सम्पन्न हुई बोर्ड बैठक में टैक्स विभाग द्वारा प्रस्ताव सं. 402 के अंतर्गत उक्त नियमावली को लागू करने की सहमति प्राप्त की। इस नई नियमावली में नगरपालिका की संपत्तियों में अवैध किरायेदारों का विनियमितीकरण करने के लिए नामांतरण शुल्क के साथ किराये में एक सितम्बर 1977 को जारी शासनादेश को आधार बनाते हुए 50 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव है। इसके तहत किराएदारों से आपत्ति मांगी गई। इन्हीं आपत्तियों का निस्तारण करने के लिए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने टैक्स समिति का गठन किया, जिसमें सभासद राजीव शर्मा, देवेश कौशिक और बबीता वर्मा के साथ कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार यादव को शामिल किया गया। सोमवार को नई नियमावली पर गठित समिति ने बैठक करते हुए आपत्तियों पर सुनवाई की और सुझाव मांगे। इस दौरान नगर पालिका मार्किट के व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए इसमें शामिल कई प्रस्तावों का विरोध दर्ज कराया। बैठक में नामांतरण, शिकमी किरायेदारी, वारिसान मामले एवं अन्य बिन्दुओं पर किराये में सर्किल रेट के अनुसार 50 प्रतिशत बढ़ोतरी के प्रस्ताव को खारिज करते हुए मांग की है कि



यह बढ़ोतरी 25 फीसदी होनी चाहिए। इसके साथ उन्होंने वारिसान वाले प्रकरणों में किराया वृद्धि के प्रस्ताव खारिज कर, बिना वृद्धि प्रकरणों का निपटारा करने, बघरा तांगा स्टैंड मार्किट को बाजार में दर्ज न करते हुए  मौ. कुंदनपुरा में दर्ज करते हुए आवासीय सर्किल रेट मानने की मांग को रखा। बैठक में इस दौरान आपत्ति और सुझाव दर्ज कराने वाले व्यापारियों में शिशुकांत गर्ग एडवोकेट, भानुप्रताप, प्रवीण जैन चीनू, किरण पाल, संदीप कुमार, प्रतीक, प्रदीप, पंकज वाधवा, दीपक कुमार, राम नारंग, संजय नारंग, मौ. मजहर, वीरेन्द्र अरोरा, राजीव अरोरा, विजय तनेजा, जसप्रीत सिंह आदि शामिल रहे।

**इन्होंने कहा-** कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव ने बताया कि टैक्स कमेटी ने शासनादेश की व्यवस्था के विपक्ष में व्यापारियों से तथ्यात्मक साक्ष्य व आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए कहा है। उन्होंने जो सुझाव व आपत्ति दर्ज कराई हैं, उस पर विचार करने के लिए कमेटी ने 19 फरवरी को फिर से सुनवाई आयोजित की है। इसके बाद 20 फरवरी को अंतिम सुनवाई होगी और कमेटी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर देगी।

**शेष - सरकार के चूहेदान....**

कोई हो ही नहीं सकती, हमने भी मुगालते में आकर कमल का बटन दबा दिया था, मगर अब दिख रहा है कि ये तो लाला के अखाड़े जैसा दांव था। उन्होंने एक अखाड़े की कहानी सुनाई कि एक बार अखाड़े में एक पहलवान आया और उसने पूरे गांव को चैलेंज किया कि कौन मुझसे लड़ेगा, सबने डरते-डरते एक लाला को तैयार कर लिया। लाला अखाड़े में उतरा और पहलवान के साथ कानाफूसी करते हुए उसे समझाया कि भाई मैं तुझे हरा दूंगा, एक तो तू कुश्ती में मेरे पिटने से बच जाएगा, दूसरा मुझे पैसे वैसे की जरूरत नहीं है, जो भी पैसे इनाम के आएंगे, कुश्ती खत्म होने के बाद सारे तुझे दे दूंगा। पैसों के चक्कर में पहलवान लाला से कुश्ती हार गया और कुश्ती हारने के बाद जब लाला पैसे लेकर चल दिया तो पहलवान पीछे-पीछे दौड़ा और बोला कि लाला जी मेरे पैसे दे दो तो लाला बोला कि कि काहे के पैसे दे दूं, वो तो मेरा दांव था, जो मैं जीत गया। ऐसा ही एक दांव मुगालते में हमने भी कमल के फूल को वोट कर लगा दिया था। मगर अब हम इनकी बातों में आने वाले नहीं हैं, वोट देने की किसी को मना नहीं है, कहीं भी दो। मगर एक सलाह करके वोट दो। आखिर में उन्होंने शहरी शहरी क्षेत्र में पंचायत का आयोजन न करने की सलाह दी। उन्होंने एहसास कराया कि शहरी क्षेत्र में पंचायत करने से जाम लगते हैं।

## शत्रु संपत्ति खुर्द बुर्द केस में अब्दुल्ला आजम पर फैसला सुरक्षित

**रामपुर, 17 फरवरी (एजेंसी)।** हरदोई जेल में बंद सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की जमानत अर्जी पर सोमवार को दोनों पक्षों की बहस के साथ सुनवाई पूरी हुई। कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। कुछ माह पहले शत्रु संपत्ति को खुर्द-बुर्द करने के आरोप से घिरे सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम को रामपुर पुलिस ने क्लीन चिट दे दी थी। जिस पर यह मामला शासन तक पहुंचा था। इसके बाद इस मामले में शासन ने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अशोक शुक्ल के खिलाफ जांच बैठा दी गई थी। दोबारा विवेचना के आदेश दिए गए थे। एसपी ने विवेचना अपराध शाखा के इंस्पेक्टर नवाब सिंह को सौंपी थी। नवाब सिंह इस वक्त रामपुर में शहर कोतवाल हैं। इस मामले में पिता-पुत्र को कोर्ट में आरोपी बनाया जा चुका है। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इस मामले में अब्दुल्ला आजम की जमानत अर्जी पर सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पत्रावली पर उनके वादी के खिलाफ पुख्ता सुबूत नहीं हैं। पुलिस ने सह अभियुक्त के बयान पर झूठा फंसाया है।

## विधायकों के साथ कैंसर संस्थान पहुंचे अखिलेश यादव, भाजपा को घेरा

**लखनऊ, 17 फरवरी (एजेंसी)।** पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सोमवार को चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान पहुंचे। इससे पहले ही संस्थान के निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट कार्यालय छोड़कर जा चुके थे। संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शरद सिंह ने उन्हें मुआयना कराया। अखिलेश यादव सोमवार शाम, अपने विधायकों के साथ कैंसर संस्थान पहुंचे। साथ में राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी भी मौजूद थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने निदेशक के बारे में जानकारी मांगी तो बताया गया कि वे चले गए हैं। सीएमएस ने उनकी अगुवाई की और अस्पताल के बारे में जानकारी व वार्ड का निरीक्षण भी करवाया। संस्थान के निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट के मौके से जाने पर सोशल मीडिया में तमाम बातें बनाई जाने लगीं। चर्चा थी कि उन्होंने जानकर अखिलेश यादव के आने के बाद कार्यालय छोड़ा। संस्थान प्रशासन के मुताबिक निदेशक को पहले से तय एक बैठक में जाना था। इसीलिए सीएमएस को पूर्व मुख्यमंत्री की अगुवाई के लिए भेजा गया। सपा प्रमुख ने इस दौरान मरीज और तीमारदारों से उनका हालचाल पूछा।

## बेटे की मौत के बाद मां ने तोड़ा दम, 24 घंटे में 2 मौत

**मैनपुरी, 17 फरवरी (एजेंसी)।** मैनपुरी के थाना घिरोर क्षेत्र के गांव नगला केहरी के रहने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत का सदमा मां नहीं सह सकी। सोमवार की सुबह घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। महज 24 घंटे में मां-बेटे की मौत के बाद घर में मातम छाया हुआ है। घिरोर पुलिस ने महिला के शव का सोमवार को पोस्टमार्टम कराया। कस्बा घिरोर के नगला केहरी निवासी रामदेवी (55) अपने छोटे बेटे पिंटू के साथ गांव स्थित घर में रह रही थीं। पिंटू ऑटो चलाकर अपना और मां का भरण कर रहा था। मां-बेटे के बीच अपार प्रेम था। रामदेवी का बड़ा बेटा राजस्थान में ट्रक चालक है। वहीं पर परिवार के साथ रह रहा है। गांव में रविवार को सुबह पिंटू की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिजन ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बेटे की मौत के बाद से रामदेवी सदमे में थीं। बेटे के अंतिम संस्कार के बाद देर रात को किसी समय रामदेवी ने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। सोमवार की सुबह करीब चार बजे ग्रामीणों की इस बारे में जानकारी हुई तो घर में भीड़ एकत्र हो गई।

## छत पर लगा दड़बा तोड़कर 10 लाख कीमत के 400 देसी-विदेशी कबूतर चोरी

**मेरठ, 17 फरवरी (एजेंसी)।** लिसाड़ीगेट में चोर दड़बा तोड़कर करीब 10 लाख रुपये कीमत के 400 कबूतर चोरी कर ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। लिसाड़ी गेट क्षेत्र निवासी हाजी कय्यूम करीब 20 साल से कबूतर बेचने का कारोबार करते हैं। रविवार रात बदमाशों ने हाजी कय्यूम के करीब 400 कबूतर चोरी कर लिए। इनकी कीमत 10 लाख रुपये बताई जा रही है। बदमाश पड़ोसी के घर की तरफ से छत पर चढ़े और कबूतर चोरी कर ले गए। सुबह जब हाजी कय्यूम कबूतरों को दाना डालने पहुंचे तो दड़बे खाली थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर बदमाशों को तलाश किया जा रहा है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि पीड़ित की ओर से थाना लिसाड़ी गेट पर तहरीर दी गई है। उसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी देखी जा रही है। जांच के उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वहीं हाजी कय्यूम ने बताया कि चोरी हुए कबूतरों में दर्जनों विदेशी नस्ल के थे।

## मुठभेड़ में इनामी बदमाश को पुलिस की गोली लगी

**मीरापुर, 17 फरवरी (बु.)।** मीरापुर में डिग डेहरा मार्ग पर बाइक सवार बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से एक 15 हजार का ईनामी बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश ने कई माह पूर्व अपने एक साथी के संग मीरापुर में से एक सेंट्रो कार चोरी की थी। तथा तभी से फरार चल रहा था। मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि मीरापुर पुलिस  सोमवार की देर रात्रि कस्बे से डिगडेहरा मार्ग पर चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को कुतुबपुर झाल की ओर से एक बाइक पर एक संदिग्ध युवक आता दिखाई पड़ा, जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया, तो युवक बाइक लेकर भागने लगा, जिस पर पुलिस ने उसका पीछा करते हुए उसे घेर लिया, तो पुलिस द्वारा घेराबंदी होने पर युवक ने पुलिस पर फायर कर दिया, जिस पर पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, तो पुलिस की गोली बाइक पर सवार बदमाश के पैर में जा लगी, जिससे वह नीचे गिर गया तथा घायल हो गया। पुलिस ने घायल  बदमाश को पकड़ लिया।



पुलिस के अनुसार पकड़ा गया बदमाश 15 हजार का ईनामी शातिर अमन उर्फ शादाब पुत्र मेहराज निवासी मरकज वाली मस्जिद थाना कांधला जनपद शामली निकला। पुलिस के अनुसार घायल बदमाश अमन उर्फ शादाब ने अपने एक साथी के संग मिलकर कई माह पूर्व मीरापुर के मौहल्ला मुश्तर्क निवासी आमिर की सेंट्रो कार चोरी थी। पुलिस को घायल बदमाश के पास से एक तमंचा 315 बोर दो जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मुठभेड़ की सूचना पर सीओ यतेन्द्र नागर मौके पर पहुँच गए।  इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया घायल बदमाश बेहद शातिर किस्म का है, उस पर आसपास के जनपद में लूट व चोरी के करीब आधा दर्जन मुकदमें दर्ज हैं तथा वह कार चोरी के मामले में मीरापुर थाने से वांछित चल रहा था। उस पर 15 हजार का ईनाम घोषित था तथा वह आज भी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने मीरापुर क्षेत्र में आया था।

## नए मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे ज्ञानेश कुमार; अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसी)।** देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम की घोषणा कर दी गई है। वरिष्ठ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पदोन्नत करके नया सीईसी बनाया गया है। इससे



पहले पीएम मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुए थे। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। ज्ञानेश कुमार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त होंगे। 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार पिछले साल मार्च से चुनाव आयुक्त के रूप में काम कर रहे थे। उन्हें पदोन्नत किया गया है। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक है। ज्ञानेश कुमार पर इस साल बिहार का विधानसभा चुनाव और अगले साल पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु का चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी होगी।  इससे पहले आज देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए थे। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल कल (18 फरवरी) को खत्म हो रहा है।

# प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट पर बिना नोटिस नई याचिकाएं खारिज

**लंबित याचिकाओं पर अप्रैल में सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई, सीजेआई बोले-सभी को सुन पाना मुश्किल**

**नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसी)।** प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई अप्रैल के पहले सप्ताह में होगी। कोर्ट ने केंद्र सरकार से मामले पर जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले को लेकर लगातार दाखिल हो रही नई याचिकाओं को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जिन नई याचिकाओं पर अब तक नोटिस नहीं जारी हुआ है, उन्हें खारिज किया जा रहा है। इस तरह के याचिकाकर्ता चाहें तो पहले से लंबित याचिका में हस्तक्षेप आवेदन दाखिल कर अपनी बात रख सकते हैं। अगर वह कोई अलग कानूनी आधार रख सकेंगे, तभी उन पर विचार किया जाएगा।

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने सुबह ही कह दिया था कि आज मामले पर सुनवाई नहीं होगी। उन्होंने कहा था कि यह 3 जज की बेंच का मामला है, जबकि वह आज 2 जजों की बेंच में बैठे हैं। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा था कि मामले पर लगातार नई याचिकाएं दाखिल हो रही हैं। सबको सुन पाना मुश्किल होगा। कोर्ट ने कहा है कि लंबित याचिकाओं पर पहले ही नोटिस जारी हो चुका है। सरकार के जवाब की प्रतीक्षा की जा रही है। नई याचिकाओं पर नियंत्रण नहीं किया गया तो सुनवाई में मुश्किल होगी। 12 दिसंबर, 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में धार्मिक स्थलों को लेकर नए मुकदमे दर्ज करने पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जो मुकदमे लंबित हैं, उनमें सुनवाई जारी रह सकती है, लेकिन निचली अदालतें कोई भी प्रभावी या अंतिम आदेश न दें। निचली अदालतें फिलहाल सर्वे का भी आदेश न दें। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश 1991 के प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट के पक्ष और विपक्ष में दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया था। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस पी वी संजय कुमार और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच ने केंद्र सरकार से 4 सप्ताह में लंबित याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा था। कोर्ट ने कहा था कि याचिकाकर्ता भी उसके बाद 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करें। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस बात को नोट किया था कि 4 साल से लंबित मामले पर अभी तक केंद्र सरकार ने जवाब दाखिल नहीं किया है। कोर्ट ने कहा था कि केंद्र और याचिकाकताओं के जवाब को देखने के बाद वह आगे सुनवाई करेगा। 1991 का प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट कहता है कि देश के हर धार्मिक स्थल की जो स्थिति 15 अगस्त 1947 को थी, उसे बदला नहीं जा सकता। इस कानून को चुनौती देते हुए कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई हैं। इन याचिकाओं में कहा गया है कि यह कानून हिंदू, जैन, सिख और बौद्ध समुदाय को अपना अधिकार मांगने से वंचित करता है। किसी भी मसले को कोर्ट तक लेकर आना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट का समर्थन करते हुए सुन्नी मुस्लिम उलेमाओं के संगठन जमीयत उलेमा ए हिंद ने भी 2020 में ही याचिका दाखिल कर दी थी। जमीयत का कहना है कि अयोध्या विवाद के अलावा बाकी मामलों में प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट का पालन हो, यह सुप्रीम कोर्ट ने ही कहा था। इसलिए, अब इस कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई नहीं होनी चाहिए।

## ओवैसी, इकरा और कांग्रेस की याचिका के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा बस करो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूजा स्थल अधिनियम- 1991 की वैधता के संबंध में नई याचिका दाखिल करने पर कड़ी नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने संकेत दिया कि वह लंबित अनुसूचित याचिकाओं पर आज सुनवाई नहीं करेगी, क्योंकि आज दो न्यायाधीशों की पीठ बैठेगी। इन याचिकाओं पर पहले तीन न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई कर चुकी है। वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने एक नई याचिका का जिक्र किया तो मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम इस पर शायद विचार नहीं कर पाएंगे। सीजेआई ने कहा कि याचिकाएं दायर करने की एक सीमा होती है। पिछले साल 12 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने हिंदू पक्षों की 18 याचिकाओं पर कार्यवाही करने पर रोक लगा दी थी। इन याचिकाओं में ज्ञानवापी, मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद और संभल में शाही जामा मस्जिद समेत 10 मस्जिदों के सर्वेक्षण की मांग की गई थी। इसके बाद अदालत ने सभी याचिकाओं को 17 फरवरी को



सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था। 12 दिसंबर के बाद असदुद्दीन ओवैसी, सपा सांसद इकरा हसन और कांग्रेस ने भी याचिकाएं दाखिल कीं। इसमें देशभर में पूजा स्थल अधिनियम-1991 को पूरे देश में प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की गई थी। ओवैसी की याचिका पर सुनवाई की सहमति कोर्ट पहले ही दे चुका है। इकरा हसन ने 14 फरवरी को मस्जिदों और दरगाहों को निशाना बनाकर कानूनी कार्रवाई की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने की मांग की। उनका कहना है कि इससे सांप्रदायिक सद्भाव और देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को खतरा है। अखिल भारतीय संत समिति ने भी एक याचिका दाखिल की है। वहीं पीठ अभी छह याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। इसमें एक याचिका वकील अश्विनी उपाध्याय की है। उपाध्याय ने अपनी याचिका में पूजा स्थल अधिनियम 1991 के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती दी है। उन्होंने अधिनियम की धारा 2, 3 और 4 को अलग करने की मांग की है।

## छपार पुलिस ने मुठभेड़ में दो किये गिरफ्तार

**छपार, 17 फरवरी (बु.)।** छपार प्रभारी निरीक्षक विकास यादव के कुशल नेतृत्व में आज छपार पुलिस की सिमर्थी मार्ग पर गौशाला के पीछे आम का बाग के पास बदमाशों से हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान पुलिस द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में 01 शातिर लुटेरा अभियुक्त घायल सहित कुल 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण के कब्जे से लूटा गया 01 मोबाईल, चोरी की 01 मोटरसाइकिल तथा अवैध शस्त्र बरामद किए गए हैं। घायल / गिरफ्तार अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना छपार पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना छपार पुलिस टीम द्वारा छपार से सिमर्थी जाने वाले रास्ते पर गौशाला के पास चेकिंग की जा रही थी, तभी 01



मोटरसाइकिल कुछ दूरी पर आकर रुक गयी। चैकिंग हेतु जब पुलिस टीम उक्त मोटरसाइकिल की तरफ चली, तो मोटरसाइकिल सवार द्वारा तेजी से पीछे मुड़कर भागने का प्रयास किया गया, जिस कारण से मोटरसाइकिल फिसल कर गिर गयी। मोटरसाइकिल सवार 02 व्यक्ति मोटरसाइकिल को मौके पर ही छोड़कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करते हुए गौशाला के पीछे आम के बाग में घुस गए। पुलिस टीम द्वारा बाग की घेराबंदी करते हुए बदमाशों की फायरिंग रेंज में घुस कर आत्मरक्षार्थ सूक्ष्म फायरिंग की गयी, जिसमें 01 बदमाश घायल हो गया तथा दूसरे बदमाश को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। घायल व गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम समीर उर्फ चिकनी पुत्र गुलफाम निवासी गंधौर उर्फ हुज़ूर थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर तथा कामिल पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी कस्बा व थाना छपार,  मुजफ्फरनगर है।